CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80
सोना 95,575
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 17 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मिचेल स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### थरूर, ओवैसी, सलमान खुर्शीद व मनीष तिवारी समेत 30 सांसद कई मुल्कों में जाकर बताएंगे हकीकत

# ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर है, दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

**अहमदाबाद, वार्ता**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और -शेष पृष्ठ दो पर

**■ बोले-ब्रह्मोस ने पाक को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला**



## ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीकः अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां नार्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेन्टर के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेन्सियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। मल्टी एजेन्सी सेन्टर को देश में आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सेंटर में खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एनालाइसिस विंग, देश भर के पुलिस खुफिया विंग और अर्द्धसैनिक बलों की खुफिया इकाई एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

## पाक को बेनकाब करने में सरकार का साथ देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने के लिए सरकार अगर बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल भेजती है, तो कांग्रेस इसमें शामिल होगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों की राजधानियों में बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने पर विचार कर रही है। सरकार अगर यह कदम उठाती है, तो कांग्रेस के सांसद भी उसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है।

# शाह के बाद देवड़ा ने दिया बेहूदा बयान

**जबलपुर, वार्ता**

**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह के बाद अब प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान पर सियासी बवाल हो रहा है।

विपक्ष ने देवड़ा पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। पर्यटकों को उनके परिवार के सामने धर्म पूछकर गोली मारी गई। महिलाओं को अलग ले जाया गया और पुरुषों को उनके परिवार के सदस्यों, उनके बच्चों के सामने गोली मार दी गई। तभी हमने ठान लिया कि इस देश के लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों से बदला नहीं ले लेते।

**कहाः पूरा देश, देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक**



### हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है।

### कोचीन हवाई अड्डे से 44.40 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त

**कोच्चि।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण अभियान में 15 मई की रात को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सीमा शुल्क टीम ने फ्लाइट एसजी18 से दुबई जा रही एक महिला यात्री को रोका। उसके चेक-इन बैगेज की गहन जांच करने पर, अधिकारियों ने 2,00,000 सऊदी रियाल (500 एसएआर × 400 नोटों के मूल्यवर्ग में) बरामद किए, जो लगभग 44.40 लाख रुपये के बराबर है। विदेशी मुद्रा को चेक-इन बैगेज के भीतर एल्यूमीनियम पन्नी की परतों के अंदर चतुराई से छिपाया गया था। आगे की जांच जारी है। सीबीआईसी के मुख्य आयुक्त एसके रहमान के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम जोन के अधिकारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

### पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगेः हाईकोर्ट

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र बल अगले आदेश तक अशांत शमशेरगंज और धुलियान में तैनात रहेंगे और न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को और अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती करने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि अगर राज्य के पास पर्याप्त बल होते, तो हिंसा को टाला जा सकता था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य दोनों को शमशेरगंज और धुलियान में एक स्थायी सीमा सुरक्ष बल शिविर स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि उन क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जहां गत 11-12 अप्रैल को सांप्रदायिक दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई थी तथा दुकानों और घरों में लूटपाट किया गया था। गुरुवार को आदेश जारी करने के बाद, न्यायाधीशों ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से मुक्त कर दिया और इसे मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम को भेज दिया, ताकि दूसरे खंडपीठ के लिए भेजा जा सके।

### 29 राज्यों में आंधी व बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावानी है। बाकी जिलों में हीट वेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों मेंअधिकतम तापमान 44.0 डिग्री के पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम
# रक्षा बजट में होगा 50 हजार करोड़ का इजाफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवम्बर-दिसम्बर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया।

**■ आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस**

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय आकर रहेगा।

# वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं, तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी।



**■ कहाः हर कोई अखबार में नाम चाहता है**

### इस्कॉन-बेंगलुरु राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिकः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इस्कॉन) सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। पीठ ने इस्कॉन-बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है।

### जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



**रामपुर (ब्यूरो)।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहन्त मोहन भारती को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने पर हड़कंप मच गया है। श्रद्धालुओं में भी मैसेज के प्रति उबाल है। जूना अखाड़े के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में बने माता बाल सुंदरी के मंदिर के महंत और श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को गुरुवार को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें कहा कि बाबा मोहन भारती जूना अखाड़े का अध्यक्ष क्या बना है। अपने आप को बहुत बड़ा समझ रहा है। मोहन भारती सुरक्षा को लेकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार शाम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के धौला कुआं और फरीदाबाद में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। फरीदाबाद में तेज आंधी और बारिश से सड़कों पर पेड़ टूट गए हैं। वहीं दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम सुहाना हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद के आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चलती रही। इससे पहले दिल्ली के आरके पुरम इलाके में मौसम सुहाना हो गया। जिससे बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली- एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है।

### भगोड़े नीरव मोदी पर कसा शिकंजा
#### पीएनबी से 14500 करोड़ के फ्रॉड का है आरोप

**लंदन।** पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव मोदी को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी।

### बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कश्मीर के बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक आपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोआर्डिनेशन अच्छा था।

# भारतीय कारोबारियों ने तोड़ा तुर्की व अजरबैजान से रिश्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

**खुदरा कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है।

### आईआईटी रुड़की ने इनोनू विवि के साथ एमओयू को किया रद्द

**देहरादून।** देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया सेल की प्रभारी श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार आईआईटी रुड़की अपने अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव को राष्ट्रीय हित के साथ जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन रद्द किए

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों का अनुसरण करते हुए निजि विश्वविद्यालय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने भी तुर्की और अजरबैजान के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों को रद्द कर दिया है। एलपीयू की ओर से बताया गया कि इन दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

### मुंबई हवाई अड्डे ने तुर्की की कंपनी से समझौता किया समाप्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने तुर्की की विमानन कंपनी सेलेबी के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। क्योंकि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि सेलेबी को निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं को तुरंत सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# उत्तराखंड में धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद का होगा गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। ये निर्णय शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है।

तीर्थाटन इस क्षेत्र की एक प्रमुख पर्यटन विद्या रही है, जिसमें चारधाम यात्रा, नन्दादेवी राजजात यात्रा एवं आदि कैलाश यात्रा आदि कुछ प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। वर्तमान समय में बेहतर परिवहन व्यवस्था, सड़क, रेल एवं वायु सेवा की सुलभता के कारण इन यात्राओं - मेलों में तीर्थयात्रियों- श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख धार्मिक यात्राओं , मेलों के उचित प्रबन्धन हेतु एक पृथक नियंत्रण एवं प्रबन्धन इकाई की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए निम्न उद्देश्यों सहित उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् का गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया । इसके तहत धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए समुचित प्रबन्धन एवं संचालन किया जाएगा।

**■ चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन का उद्देश्य**

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच दरगाह जेठ मेले पर रोक में नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ से बहराइच में दरगाह शरीफ के लगने वाले जेठ मेले पर रोक मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद भी याचियों को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 19 मई को नियत की है। याचियों की ओर से कहा गया कि जेठ मेला 18 मई से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की जल्द सुनवाई की जाए। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले की अर्जेंट सुनवाई की अर्जी मुख्य न्यायमूर्ति को देने की याचियों को अनुमति दी है। न्यायधीश एआर मसूदी और न्यायधीश अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष बहराइच की दरगाह शरीफ प्रबंध समिति की ओर से इसके चेयरमैन समेत छह छह लोगों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने याचिका का विरोध किया। जबकि याचियों की ओर से उनके अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र ने मेला आयोजन की अनुमति देने की दलीलें दीं।

### हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर: पाठक

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए बयान पर अब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से स्पष्टीकरण मांगा है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा जातिगत उन्माद फैलाना चाहती है। दलित समाज की बेटी को जाति सूचक शब्द से पुक. ारना कहां तक उचित है? अखिलेश यादव का इस विषय पर अब तक बयान नहीं आया है। उन्हें अपना और पार्टी का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। समाजवादी पार्टी इस विषय पर अपना स्टैंड स्पष्ट करे और जनता से माफी मांगे। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सपा नेता रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए जाति सूचक बयान की आलोचना की है। राम गोपाल यादव का बयान शर्मनाक है। हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर है और सिर्फ भारतीय है। सेना को जाति और धर्म से जोड़कर राजनीति नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयान मनोबल गिराने वाले होते हैं, इससे बचना चाहिए।

### लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी

**लखनऊ।** अब यूपी के किसान अपने खेतों को समतल कर कम पानी में ज्यादा फसल उगा सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत तक या अधिकतम दो लाख रुपये तक की सब्सिडी देने का ऐलान किया है। इस मशीन से खेत इस तरह समतल होंगे जैसे फुटबाल का मैदान। इससे फसल की सिंचाई में पानी की बचत, उपज में बढ़ोतरी और लागत में कमी जैसे कई फायदे होंगे। खेत का पानी खेत में, यह कहावत अब केवल कहावत नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से इसे जमीन पर उतारा जा सकेगा। खेत समतल होने से सिंचाई का पानी हर हिस्से में बराबर बहेगा, जिससे नमी पूरे खेत में समान बनी रहेगी। इससे बीज अच्छी तरह जमेंगे और फसल एकसाथ पकेगी। सरकार की ओर से बताया गया है कि इस मशीन में जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है।

# मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक

नई दिल्ली, वार्ता



**गुजरात समाचार के संस्थापक को गिरफ्तार किया: खड़गे**

**अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तो लोकतंत्र खतरे में : राहुल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लो. कतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था– आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है, जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी ने सिद्ध किया है, आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है। जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। गांधी ने कहा कि गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अखबार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है।

### सेना, सैनिकों को अपमानित करने वाले मप्र के दोनों मंत्री हों बर्खास्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देवड़ा तथा शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं। सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। भाजपा मूक–दर्शक बनी नहीं रहेगी और मोदी छिपे नहीं रह सकते। अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा जगदीश देवड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन–सहमति और संरक्षण है।

## दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें

# डा. मिर्जा शफीक हुसैन चौथी बार बनाए गए मजलिसों के कॉर्डिनेटर

जिया अब्बास जैदी, शाह टाइम्स



**22 मई से शुरू होकर 25 तक चलेंगी मजलिसें**

**लखनऊ।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग–अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह–ए–आलिया नजफ–ए–हिन्द जोगीपुरा की मजा. लिसें 122 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ये अकीदत का मरकज़ है। 351 साल से ज्यादा हो गए, ये दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ–साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली ज़ैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार चौथी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़्वी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासक गुलरेज हैदर के वालिद जहीर हैदर भी दरगाह जोगीपुरा के सेक्रेट्री रह चुके हैं। डा. मिर्ज़ा शफीक ने बताया कि 24 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा।

# सपा ने किया था मायावती का चीरहरण: सूर्य प्रताप

लखनऊ, वार्ता



**राम गोपाल यादव के बयान पर योगी के मंत्री का पलटवार**

यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को अपने निजी आवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को ध्वस्त किए जाने की बात कही थी। उन्होंने सेना को खुली छूट दी, जिसकी वजह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपने शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लगभग एक दर्जन आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और 7 से 8 हवाई अड्डों को सामूहिक रूप से नुकसान पहुंचाया। यह अपने भारत के सैन्य ताकत को प्रदर्शित करता है। सेना के तीनों अंगों को मैं सलाम करता हूं, बधाई देता हूं।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के सेना अधिक. ारी पर विवादित बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हमेशा जाति और सांप्रदायिक एंगल से हर चीजों को देखा है। आज पाकिस्तान और हिंदुस्तान की जो कठिनाइयां पैदा हो रही है, उसके भीतर ही कांग्रेस का ही गढ़ है। कांग्रेस की वजह से नासूर की तरह देश हमारा 72 वर्षों से भुगत रहा है और अभी भी वह इसके बारे में सचेत नहीं है। देश के भीतर अनावश्यक टिप्पणियां करके सेना के लोगों के हौसले पर सवाल खड़ा करते हैं। उनको जाति के अंतर्गत बांटने का काम करते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। रामगा. `पाल यादव ने कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नाक के नीचे दलित अल्पसंख्यक और पिछड़ों के साथ अत्याचार हो रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उनके नाक के नीचे तो मायावती जी का चीर हरण किया जा रहा था, उस समय क्या कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के लोगो ने एक अनुसूचित नेता जो प्रदेश की मान्य नेता है, को चीर हरण के लिए कैसा प्रयास किया था, ये सारी दुनिया ने देखा था।

## जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

# 183 अफसरों-कर्मियों पर की गई कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**122 अधिकारियों पर जांच बैठाई, 55 पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई छह को निलंबित कर दिया गया है: सीएम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों–कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि 6 को निलंबित कर दिया गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल 7 मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा 5 अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और 7 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर 4 को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर 2 का निलंबन किया गया है। वहीं 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और 06 का निलंबन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### बरेली समेत पांच शहरों में स्थापित होंगी नई अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब लखनऊ और मेरठ के बाद वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जैसे प्रमुख जिलों में भी माइक्रोबायलॉजी लैब स्थापित की जा रही हैं। यह लैब्स न केवल खाद्य और औषधि पदार्थों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के लिए उपयोगी होंगी, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी त्वरित और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखासिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी में लैब का कार्य पूरा हो चुका है और 31 मई से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह पूर्वांचल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और सूक्ष्म पैथोजन्स से जुड़ी जांच के लिए दूसरे शहरों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ में भी ऐसी ही अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब की स्थापना हेतु एफएसएसएआई द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया है।

### श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक–दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है, जब श्रम कानूनों को प्रो–इंडस्ट्री और प्रो–श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतु. लित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक–हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4126 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2607 में लिवाली जबकि 1380 में बिकवाली हुई, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2971 कंपनियों में से 1969 में तेजी जबकि 911 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण भारती एयरटेल, एसबीआई और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में कमजोरी रहा। इन शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव बना। वहीं इस गिरावट के बावजूद बाजार को अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से कुछ सहारा मिलने की उम्मीद है। बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि अन्य में बढ़त रही। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 138 अंक की गिरावट लेकर 82,392.63 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 82,514.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह दोपहर से पहले 82,146.95 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस केके मुकाबले 0.24 प्रतिशत टूटकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ।

### इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया। राजधानी में उद्योग भवन में मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित समारोह में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय का कहना है कि नई वेबसाइट को इसके संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करना सहज हो जाता है। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उठाव सुस्त, जिंसों में बना रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल–तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट गिरकर 3837 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.16 सेंट गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़–चीनी:** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल–दलहन : दाल–दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल–दलहन : चना 6100–6200, दाल चना 7100–7200, मसूर काली 7650–7750, मूंग दाल 9850–9950, उड़द दाल 9250–9350, अरहर दाल 8500–8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950–3050 रुपये और चावल 3550–3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी–गुड़: चीनी एस. 4280–4380, चीनी एम. 4500–4600, मिल डिलीवरी 3620–3720 और गुड़ 4400–4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर....**

71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है। राजनाथ ने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता–पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, छसीपी–एसपी, बीजद, सीपीआई–एम के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलीगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी–एसपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22–23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलीगेशन में 5–6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोआर्डिनेट कर रहे हैं। सां. सदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल



**दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली**

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है, जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग–अलग मुठभेड़ों में लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद के तीन–तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच 'सहज समन्वय' के कारण है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीलफ्ग में सेना के 'विक्टर फोर्स' के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे। बिरधी ने आगे कहा कि कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहनचितन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बिरधी ने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतोपोरा में एक–एक ऑपरेशन सीआरपीएफ, भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनरल जोशी ने आपेरशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन 'नादर' त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग–अलग इलाकों में किए गए थे, एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

समाचार विशेष

## जनसुनवाई में पहुंचे सांसद किशोरी लाल

**गौरीगंज ( अमेठी )।** अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा ने शुक्रवार को गौरीगंज स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में जनसुनवाई की। पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चले इस जनसंवाद में सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। सांसद ने जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, नहर, खाद, आवास, पेंशन, राशन, राजस्व, पुलिस, शौचालय जैसी जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों तथा कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी को कई शिकायतों के तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रति. निधि उपस्थित रहे। नागरिकों ने समाधान को लेकर संतोष जताया और सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सांसद किशोरीलाल शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेठी का हर नागरिक उनके लिए सम्मानित है और सेवा कार्य में किसी बिचौलिए की आवश्यकता नहीं है। यह उनका 25वां अमेठी दौरा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता से जो वादे किए थे, उन्हीं के अनुरूप वे कार्य कर रहे हैं।

## दबंगों ने बुजुर्ग को गोली मारी, मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में दामाद से झगड़ा होने के बाद बीच बचाव करने गई महिला को शुक्रवार दिनदहाड़े दबंगों ने गोली मार दी,जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन पहुंचे,जिन्होंने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के नाउपुर गांव की है जहां आज अपनी ससुराल आए दामाद संजू की गाड़ी किसी से टकरा गई, जिसको लेकर विवाद होने लगा ,शोरगुल सुनकर बीच बचाव करने पहुंची संजू की सास रामा देवी (56) की दबंगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने प्रथम दृष्टया गाड़ी की टक्कर होने का विवाद पाया है। विवाद के बारे में मृतका के बेटे कृष्ण ने बताया कि उसके जीजा संजू जिनकी बाजार से आ रहे थे। जीजा की गाड़ी लड़ गई थी। जिसके बाद मामले की जानकारी मिलने पर मेरी मां वहां गई। जहां पर विरोधियों ने मारपीट के साथ मां को गोली मार दी। क्षेत्र में तनाव है ,पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। फिलहाल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गठित हुई पुलिस टीम में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## तेजाब से तीन युवक झुलसे, हालत नाजुक

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार को कार की टक्कर से बाइक में रखा तेजाब उस पर सवार तीन युवकों पर गिर गया और वे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पुलिस के अनुसार जिले में मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के गोला बाजार निवासी प्रथम जायसवाल (25), विष्णु सेठ (28) और अभिषेक मोदनवाल (25) जौनपुर से तेजाब खरीद कर बाइक से घर वापस जा रहे थे। तेजाब मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखा हुआ था। बाइक रामदायलगंज में स्थित सही नदी के पुल पर पक्षी की विपरीत दिशा से आ रही कार से भिड़ गई और बाइक की डिग्गी में रखा तेजाब तीनों के ऊपर पड़ गया। जिससे तीनों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां चिकित्सक ने विष्णु और अभिषेक को वाराणसी बीएचयू के लिए रेफर कर दिया है।

## बिजली के खंभे से टकराई बाइक, दो लोगों की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के सदर बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक के बिजली के खंभे से टकराने से उसमे सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के सुभाष नगर के पास बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से जा रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। दोनो सवार डिवाइडर से टकराकर कई मीटर दूर जाकर गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त चौक कोतवाली क्षेत्र के गांव मड़ैया निवासी अनिल वर्मा (24) और सूरज वर्मा (26) के रूप में हुई है।

# ग्राम पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता को दें बढ़ावा: योगी

**■ कहा: ग्राम सचिवालय की अवधारणा को नीति आयोग ने एक मॉडल के रूप में स्वीकार किया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय की अवधारणा को नीति आयोग ने एक मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। प्रदेश के सभी पंचायत भवन ग्राम सचिवालय के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह पंचायतीराज व्यवस्था को नई पहचान देने वाला परिवर्तन है। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें के कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों की आत्मनिर्भरता ही प्रदेश के सतत विकास का आधार बनेगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी व्यवस्थाओं को सशक्त, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। सरकार इसी दिशा में मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना हो चुकी है, जो लोकतंत्र की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटरों के माध्यम से पंचायत गेटवे पोर्टल से जुड़ी समस्त धनराशियों का भुगतान हो, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कॉल सेंटर, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, 10-सीटर कॉल सेंटर की स्थापना, ग्राम सचिवालय की जियोफेंसिंग और इंटरनेट कॉलिंग जैसी डिजिटल पहलों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम सहायकों को 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों के कार्यों की निगरानी के लिए इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग हो। योगी ने अमृत सरोवरों के रखरखाव, वृक्षारोपण और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा दौरान ड्रेनेज का पानी अमृत सरोवर या अन्य तालाबों में न पहुंचे। इसके लिए गांव के बाहर उचित निकासी की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाए। तालाबों के पट्टे आवंटित करने की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाए और तालाबों को 3 से 5 वर्षों के लिए पट्टे पर दिया जाए और उससे प्राप्त राजस्व का उपयोग ग्राम विकास में किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब आवंटन, रखरखाव और उनके उपयोग के लिए पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग और मत्स्य विभाग को समन्वित कार्य योजना एक निश्चित बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि ग्राम्य संस्कृति के वाहक हैं। उनकी डिसिलल्टग समय रहते कर ली जाए। रेन वाटर हार्वेलस्टग की व्यवस्था ग्राम सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए कहा कि साम. ुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई और देखरेख सुनिश्चित हो तथा संबंधित कर्मचारियों को समय पर मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 96,171 राजस्व ग्रामों में से 90,891 ग्राम ओडीएफ प्लस घोषित हो चुके हैं। शेष ग्रामों को शीघ्रता से इस स्थिति में लाया जाए।

# जीएसटी विभाग में फिर पुराने तौर-तरीकों की वापसी

**■ पारदर्शिता की पहल को किनारे कर सक्रिय हुआ 'सिंडिकेट मॉडल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाने की सरकार की मंशा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। मामला राज्य के जीएसटी विभाग का है, जहां हाल ही में प्रस्तावित खंड पुनर्गठन को लेकर विभाग के भीतर ही चर्चाएं तेज हो गई हैं। यह चर्चा केवल पुनर्गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे 'सिंडिकेट मॉडल' की संभावित पुनर्वापसी की आशंका भी जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में विभागीय मुख्यालय को एक प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें जीएसटी विभाग के खंडों का पुनर्गठन किया गया है। इस प्रस्ताव में खास बात यह है कि जिन क्षेत्रों को प्रमुखता दी गई है, वे वही पारंपरिक श्मलाईदारश क्षेत्र हैं जिन्हें पहले भी रसूख और सौदेबाजी के लिए जाना जाता रहा है। लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, नोएडा, आगरा, बाराबंकी जैसे शहरों के चुनिंदा औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों को एक बार फिर ऐसे खंडों में रखा गया है जहां नियुक्तियों के लिए हमेशा से ही खींचतान रही है। यह भी बताया जा रहा है कि यह प्रस्ताव जीएसटी विभाग के अतिरिक्त प्रभार में तैनात अपर मुख्य सचिव मुरूगन देवराज की जानकारी के बगैर ही तैयार कर आगे भेजा गया।

मुरूगन देवराज वही अधिकारी हैं जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी ईमानदार और सख्त प्रशास. निक छवि को देखते हुए इस विभाग की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने अपने स्तर से एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें सभी खंडों का समान वितरण हो, ताकि किसी एक क्षेत्र को विशेष रूप से लाभकारी न माना जाए और ट्रांसफर-पोस्टिंग की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। लेकिन मुख्यालय को 14 मई को भेजा गया पुनर्गठन प्रस्ताव न सिर्फ उनकी उस योजना के विपरीत प्रतीत होता है, बल्कि इसमें पुराने तौर-तरीकों की झलक भी स्पष्ट है। जिन क्षेत्रों को पहले अलग-अलग खंडों में रखकर संतुलन बनाया गया था, अब उन्हें फिर से एकजुट कर कुछ खंडों को अत्यधिक प्रभावशाली बना दिया गया है।

यही वजह है कि विभाग के अंदर ही इसे लेकर असंतोष की आवाजें उठ रही हैं और आशंका है कि कहीं यह 'सिंडिकेट मॉडल' की पुनरावृत्ति न हो। गौर करने की बात यह भी है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब जीएसटी विभाग या उसके पूर्ववर्ती बिक्री कर विभाग में ट्रांसफर- पोस्टिंग को लेकर सवाल खड़े हुए हों। अतीत में भी इस विभाग की कार्यशैली को लेकर विजिलेंस व सतर्कता इकाईयों तक शिकायतें पहुंचती रही हैं। जांचें हुई, लेकिन श्सिंडिकेटश हर बार नई शक्ल में दोबारा खड़ा हो गया। सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरैंस की नीतिगत मंशा और तदर्थ प्रशासनिक सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों के बीच यदि ईमानदार अधिकारियों की मेहनत को इस प्रकार दरकिनार किया जाता है, तो यह केवल एक विभाग का मामला नहीं रह जाता, बल्कि वहां शासन की साख और नीतिगत प्रतिबद्धता पर भी प्रश्नचिह्न लग जाना स्वाभाविक है।

# ग्रामीण पर्यटन में तेजी से उभर रहा उप्र

**■ विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस पर 18 जिलों में विविध आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की दिशा में नए अध्याय जुड़ रहे हैं। 18वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस-2025 के अवसर पर गुरुवार को राज्य के 18 जिलों में विशेष आयोजन हुए। ए आयोजन 'एग्री रूरल एंड गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म' परियोजना के अंतर्गत किए गए।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हउत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाओं के साथ तेजी से उभरता राज्य बन चुका है। राज्य सरकार ने 234 गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिनमें से कई गांव अब पर्यटक आकर्षण बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि इन गांवों में स्थानीय उत्पाद, व्यंजन, हस्तशिल्प आदि को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे लोगों की आमदनी में भी इजाफा हो रहा है। इस विशेष अवसर पर वाराणसी, पीलीभीत, चित्रकूट, बांदा, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर नगर, कन्नौज, इटावा, मथुरा, बस्ती, संत कबीर नगर समेत 18 जिलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। चित्रकूट के बनाड़ी गांव में बुंदेली लोकगीत प्रतियोगिता, बांदा के शिवपुर गौर गांव में नौकायन प्रतियोगिता तथा वाराणसी के माधोपुर कोट, कैथी, चंद्रावती और उमराहा-बनकट गांवों में पौधरोपण हुआ। लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित कठवारा ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में कठवारा, ससपन और दशहरी गांव के 60 लोगों ने भाग लिया। यहां चिकनकारी व ज़री-जरदोज़ी उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं बस्ती, संत कबीर नगर और सहारनपुर में 'बिल्ड योर ओन स्केयरक्रो' विषयक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 41 पर्यटन गांवों की भागीदारी इन आयोजनों में रही। राज्य में ग्रामीण पर्यटन अब महज अवधारणा नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, संस्कृति और स्वरोजगार से जुड़ी ठोस हकीकत बनता जा रहा है।

# तेंदूपत्ता की खुलेआम तस्करी से सरकार को करोड़ों का घाटा

**■ निगम के फड़ खाली, सिस्टम से नाराज़ मजदूर सीधे तस्करों को बेच रहे 'हरा सोना'**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** जनपद में इन दिनों तेंदूपत्ता की तस्करी खुलेआम हो रही है और वन निगम पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है। परिणाम स्वरूप राज्य सरकार को हर वर्ष करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मजदूरों की नाराज़गी, वन निगम की सुस्त प्रणाली और फॉरेस्ट अमले की निष्क्रियता इस पूरे तस्करी तंत्र को और ताकत दे रही है। हर साल बीड़ी निर्माण के लिए जनपद में बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है, जिसे वन निगम द्वारा सोने के भाव पर बीड़ी व्यवसायियों को बेचा जाता है। पहले मजदूर ए पत्ते निकटतम फड़ों पर निगम को बेचते थे और उन्हें नकद भुगतान भी मिलता था। लेकिन अब सिस्टम में बदलाव के कारण



मजदूरों को बैंक खातों से भुगतान किया जा रहा है, जिससे मजदूरों को घंटों बैंक की कतार में खड़े रहना पड़ता है। इससे तंग आकर अब वे सीधे तस्करों को पत्ता बेचने लगे हैं। इसका नतीजा यह है कि वन निगम के फड़ खाली पड़े हैं और बीड़ी पत्ते प्रयागराज व सतना जैसे महानगरों में ट्रेनों व निजी वाहनों के माध्यम से धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। मजदूर शंकर, संतोष, कैलाश, रामकली, लवलेश, विमला और राजरानी जैसे कई लोगों ने बताया कि नगद भुगतान की पुरानी व्यवस्था में उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं थी, लेकिन अब बैंकिंग प्रक्रिया से तंग आकर वे सीधे तस्करों को पत्ता बेचने को मजबूर हैं। वन विभाग की जिम्मेदारी होती है कि वह आरक्षित वन क्षेत्रों में होने वाली तस्करी को रोके, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते 'हरा सोना' धड़ल्ले से महानगरों तक पहुंच रहा है।

# लखनऊ से किशनगढ़ के लिए फ्लाइट शुरू

## चंडीगढ़ के लिए आज से सेवा बहाल, फिर भी यात्रियों में नहीं दिखा उत्साह

**■ ऑपरेशन सिंदूर के चलते बंद हुई थीं उड़ानें, अब भी दहशत का असर, सीटें खाली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत-पाक सीमा पर हाल ही में बढ़े तनाव और पहलगाम हमले के बाद बंद की गई लखनऊ से किशनगढ़ और चंडीगढ़ की हवाई उड़ान सेवाएं दोबारा शुरू की जा रही हैं। किशनगढ़ के लिए सेवा कल से बहाल हो चुकी है, जबकि चंडीगढ़ के लिए उड़ान कल (शनिवार) से शुरू होगी। लेकिन यात्रियों में अब भी उत्साह की कमी बनी हुई है।

किशनगढ़ की पहली फ्लाइट लखनऊ से गुरुवार को रवाना हुई लेकिन इसमें अपेक्षित संख्या में यात्री नहीं मिल सके। वहीं, चंडीगढ़ के लिए कल से शुरू होने वाली फ्लाइट के लिए भी के लिए भी अब तक बहुत कम बुकिंग हुई है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इन उड़ानों के लिए 20 प्रतिशत सीटें भी नहीं भरी जा सकी हैं।

बीते कुछ हफ्तों से सीमाई तनाव के बीच हवाई हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी थी, जिससे लखनऊ से कुछ प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें स्थगित कर दी गई थीं। हालांकि अब हालात सामान्य होने के बाद सेवाएं बहाल की जा रही हैं, लेकिन यात्रियों का भरोसा लौटता नहीं दिख रहा। जानक. ारों का मानना है कि हवाई यात्राओं को लेकर जो दहशत का माहौल बना था, वह एक झटके में खत्म नहीं होगा। यात्रियों का भ्विास बहाल करने के लिए एयरलाइंस को विशेष जागरूकता अभियान चलाने होंगे, साथ ही सुरक्षा मानकों की पारदर्शिता भी जरूरी होगी।

# श्रमिकों और उद्योगों के हितों के बीच संतुलन जरूरी: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दृष्टिकोण से संतुलित बनाए बिना संभव नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रम कानूनों का ऐसा सरलीकरण किया जाए, जिससे उद्यमियों को सुविधाएं मिलें, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के साथ किसी प्रकार का शोषण अथवा अमानवीय व्यवहार न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि श्हर हाथ को कामश देने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। इसके लिए उद्योगों को मजबूती देना अनिवार्य है, क्योंकि उद्योगों का विस्तार ही व्यापक रोजगार सृजन का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के संचालन में सहूलियत हो, लेकिन श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए। दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को मानदेय और बीमा जैसी सुविधाएं मिलें, यह राज्य की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा श्रमिक हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनाना राज्य सरकार की प्राथमिक नीतिगत प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को आजीविका के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और अन्य प्रायोजित योजनाओं से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन के लिए गंभीर और व्यवस्थित प्रयास किए जाएं। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों को राष्ट्रीय मॉडल बताते हुए उनकी गुणवत्ता और संचालन की निरंतर निगरानी के निर्देश भी दिए। श्रमिक अड्डों को मॉडल रूप में विकसित करने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और प्रशिक्षण जैसी बुनियादी सुविधाएं श्रमिकों को सहज उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कैंटीनों में श्रमिकों को कम दरों पर चाय, नाश्ता और भोजन देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर न्यूनतम मानदेय की गारंटी देने की योजना को मुख्यमंत्री ने कार्यबल को संगठित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ संबंधित देश की भाषा का प्रशिक्षण भी अनिवार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि आयुष्मान भारत की तर्ज पर निजी अस्पतालों को ईएसआई जैसे योजनाओं से जोड़ते हुए श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित किया जाए।

## दुनिया ने माना भारतीय सेना की वीरता का लोहा: प्रताप शाही

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक परस्त देश पाकिस्तान का जो हाल भारतीय सेना ने किया, उसको पूरी दुनिया ने न सिर्फ देखा बल्कि वीर सैनिकों के पराक्रम का लोहा भी माना है। श्री शाही ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक के जनक पाकिस्तान के साथ आतंकी, और उनके आकाओं का जो हाल किया है। वह भारत का पराक्रम को दर्शाता है। उन्होंने भारतीय सेना और आपरेशन से जुड़े लोगों के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि भारत वर्ष की रक्षा प्रणाली,उपकरण पर विश्व में और सम्मान पाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मेड इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उपकरण क्षेत्र में भी सरक. ारी के साथ प्राइवेट सेक्टर की बेहतर क्षमता को प्रदर्शित किया।

# संगठन की जड़ों को मज़बूत करने में जुटी कांग्रेस



**■ 100 दिनों का रोडमैप तैयार, विशेष सृजन कार्यशाला का शुभारम्भ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक रूप से फिर से जमीनी ताकत बनने की दिशा में पूरी गंभीरता से जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा आरंभ किए गए संगठनात्मक सशक्तिकरण के क्रम को अब और आगे बढ़ाया जा रहा है।

रायपुर और अहमदाबाद में पारित प्रस्तावों के अनुरूप पार्टी ने प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन संरचना को अंतिम रूप दे दिया है। राजेश तिवारी ने कहा कि पार्टी ने 100 दिनों का संगठनात्मक रोडमैप तय किया है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों, शहरों, ब्लॉकों, मंडलों, न्याय पंचायतों और बूथों पर संगठन की इकाइयों का गठन पूरा कर लिया जाएगा। इस सिलसिले में कांग्रेस पार्टी कल यानी शुक्रवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह, कैसरबाग में पूर्वाह्न 11 बजे से एक विशेष संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन कर रही है। यह कार्यशाला पार्टी की रणनीतिक तैयारियों को मज़बूती देने की दिशा में एक अहम कदम होगी। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर पार्टी संगठन को सशक्त किया जाएगा। इसके तहत आने वाले 100 दिनों में 133 जिला व शहर इकाइयों के अंतर्गत 823 ब्लॉक, 3200 मंडल, 8135 न्याय पंचायत और 1,62,000 बूथों पर पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। संगठनात्मक मजबूती के इस अभियान को वर्ष 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनज़र और भी सक्रियता से लागू किया जाएगा, जिससे कि जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत बनकर उभरें। प्रेसवार्ता में यह भी बताया गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण स्थगित किए गए 'संविधान बचाओ सम्मेलन' की शृंखला अब दोबारा शुरू की जाएगी। साथ ही 'जय हिंद सभाओं' के आयोजन के माध्यम से जनता के बीच कांग्रेस के विचार और संविधान बचाने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता फिर से सक्रिय होंगे।

# माचिस में दो तीली कम मिलीं तो 20 हजार का हर्जाना

**संतकबीरनगर।** यदि उपभोक्ता जागरूक रहे तो वह ठगी का शिकार नहीं हो सकता है। माचिस की डिब्बी में दो तीली कम होने का एक रोचक मामला जिला उपभोक्ता आयोग में जा पहुंचा। उपभोक्ता अदालत ने दो तीलियों का दाम 10 पैसे क्रय करने की तिथि से 10 फीसदी ब्याज के साथ बीस हजार रूपए अतिरिक्त अदा करने का आदेश पारित किया है।

मामला होम लाइट्स माचिस बनाने वाली आईटीसी लिमिटेड कंपनी से संबंधित है। उपभोक्ता आयोग के लीगल प्रैक्टिशनर अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने यहां बताया कि मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव ने अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल कर कहा कि उन्होंने दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को होम लाइट्स कंपनी का एक माचिस गोरखल मोहल्ले में स्थित अमृत किराना स्टोर से दो रुपए में क्रय किया। दुकानदार ने नया पैकेट खोलकर एक डिब्बी माचिस दिया था। दुकानदार से पूछने पर उन्होंने बताया था कि इसमें 42 तीलियां होती हैं, मगर गिनती करने पर दो तीलियां कम थीं। शिकायत करने पर दुकानदार ने दूसरी माचिस की डिब्बी को खोलकर स्वयं गिना, उसमें भी दो तीलियां कम थीं। उपभोक्ता ने मामले को जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष रखा। अदालत में आईटीसी कंपनी लिमिटेड के पक्षकार उपस्थित होकर अपने निर्माण संबंधी अभिलेख प्रस्तुत किए।

# पड़रौना में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकली

## ऑपरेशन सिंदूर बना देश की वीरता का प्रतीक

**■ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में हजारों लोगों की भागीदारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ/कुशीनगर।** भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और बलिदान को नमन करते हुए शुक्रवार को कुशीनगर के पड़रौना नगर में श्भारत शौर्य तिरंगा यात्राश निकाली गई। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में यह यात्रा सुबह 8 बजे गायत्री मंदिर से तिलक चौक तक निकली, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, युवा, जनप्रति. निधि और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। मंत्री शर्मा ने कहा कि यह यात्रा श्ऑपरेशन सिंदूरश में भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए साहस और वीरता की स्मृति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक सूझबूझ और सेना के समन्वय से आतंकवादियों के खिलाफ चला यह अभियान देश की संप्रभुता और एकता का प्रतीक बन गया है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने दुश्मन को करारा जवाब देकर पाकिस्तान को सबक सिखाया है। पाकिस्तान का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि अब उसे श्पाकिस्तानश नहीं, बल्कि श्पापीस्तानश कहा जाना चाहिए, जो भारत की सीमाओं पर आतंक फैलाने की साजिश रचता है, निर्दोषों की हत्या कराता है। शर्मा ने तिरंगा यात्रा के दौरान नगर पालिका परिषद पड़रौना में स्थापित निशुल्क लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और कहा कि यह व्यवस्था युवाओं और बच्चों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

इस तिरंगा यात्रा में पड़रौना विधायक प्रदीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, भाजपा जिला ध्यक्ष दुर्गेश राय, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री ने पूर्वांचल के नागरिकों, युवाओं और मातृशक्ति को उनके उत्साह और राष्ट्रभक्ति के लिए धन्यवाद दिया।

# यूपी में गर्मी व लू से जनजीवन प्रभावित, ऑरेंज अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोई भी प्रभावी मौसम तंत्र सक्रिय नहीं होने तथा सतही स्तर पर आ रही गर्म पछुआ हवाओं के चलते तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी दर्ज की गई और प्रदेश में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में बांदा में 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लू का प्रकोप रहा,वहीं प्रयागराज एवं हमीरपुर में भी तापमान 44 डिग्री के स्तर को पार कर गयाद्य मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घण्टों के दौरान तापमान में और बढ़ोत्तरी के आसार हैं प्रदेश के पूर्वी भाग में 16 मई को उष्म लहर (लू) का क्षेत्रीय प्रसार बढ़ने तथा इसके पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक पहुंच जाने की संभावना है। हालांकि 17 मई से पुरवा हवाओं के चलने से प्रदेश के तराई इलाकों में बूंदा.बांदी/हल्की वर्षा का अनुमान है जिससे प्रदेश के उत्तरी भाग से तापमान में कमी आनी आरम्भ हो जाएगी लेकिन दक्षिणी भाग में लू की छिटपुट गतिविधियां 18 मई तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में रात का तापमान भी बढ़ने से आज एवं कल रात को कहीं.कहीं उष्ण रात्रि की परिस्थितियां भी बनने की संभावना है। इन दोनों के समेकित प्रभाव के कारण आज और कल के लिए प्रदेश के कुछ जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# टयूशन के दौरान मासूम छात्रा से छेड़खानी करता था शिक्षक

## कारोबारी की पत्नी ने कैमरे में कैद की घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** टयूशन पढ़ाने के बहाने शिक्षक ने कक्षा तीन में पढ़ने वाली दस वर्षीय कारोबारी की बेटी के साथ अश्लील हरकते ही। जिसे कारोबारी की पत्नी ने मोबाइल में कैद कर लिया। घटना से परिजनों के होश उड़ गये। आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

यह मामला अमरोहा नगर कोतवाली से जुड़ा है। शहर में कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी दस वर्षीय बेटी एक निजी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है। स्कूल में ही मोहल्ला दानिशमंदान का रहने वाला मोहम्मद सुलेमान शिक्षक है। स्कूल के बाद में मोहम्मद सुलेमान कारोबारी के घर उनकी बेटी को ट्यूशन पढ़ाने के लिए आता था। कुछ दिन से शिक्षक की हरकतों से परिजनों को शक होने लगा। 12 मई को कारोबारी की पत्नी ने अपना मोबाइल फोन का कैमरा चालू करके कमरे में छिपा दिया। पांच से छह बजे के बीच शिक्षक मोहम्मद सुलेमान उनकी बेटी को पढ़ने आया। ट्यूशन खत्म होने के बाद कारोबारी की पत्नी ने मोबाइल कैमरे में वीडियो देखा तो अचंभित रह गई। शिक्षक मोहम्मद सुलेमान उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करता हुआ मोबाइल कमरे की फुटेज में दिखाई दिया। वीडियो के आधार पर कारोबारी ने शिक्षक मोहम्मद सुलेमान की शिकायत नगर कोतवाली में की। मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक मोहम्मद सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी मोहम्मद सुलेमान को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# धूमधाम से मनाई सम्राट पृथ्वीराज की जयंती

## गोष्ठी में पूर्व विधायक संगीता ने किया 'चौहान समाज' से एकजुटता का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सम्राट प्रथ्वीवराज चौहान की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय सभा के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में

**शोभायात्रा में शामिल झांकियो ने मन मोहा**

सम्राट पृथ्वीराज चौहान की झांकियों के साथ साथ अनेकों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली, निजी वाहनों में चौहान समाज के लोग सम्मिलित रहे। नगर के बस्ती स्थित स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क (अवंतिका पार्क) में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि नौगावां सादात की पूर्व विधायक संगीता चेतन चौहान ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आंतकी ठिकानों को नष्ट करने का काम किया है, जिसकी जितनी सराहना की जाए वह कम ही कम है। कहा कि आज चौहान समाज देश के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहा है। हमें एकजुट होकर इसी लय में काम करते हुए समाज को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाना है। विचार गोष्ठी में पूर्व मंत्री मदन चौहान, पूर्व चैयरमेन राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र सिंह ठेकेदार, जगतपाल चौहान, सुनील चौहान, वीर सिंह भगत, नितिन चौहान, सोमपाल सिंह, बंटी चौहान, विक्रांत चौहान, पवन चौहान, कलवा चौहान, अशोक चौहान, जितेन्द्र चौहान, गजेंद्र सिंह, कमल सिंह, ध्रुव चौहान,चमन चौहान, राजकुमार अग्रवाल, आलोक चौहान, राजीव राजपूत आदि मौजूद रहे। गोष्ठी के बाद एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सम्राट पृथ्वीराज चौहान की झांकी के साथ साथ अन्य झांकिया भी सम्मिलित रहीं। शोभायात्रा पार्क से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों पर घूमते हुए चौहानपुरी पहुंचकर समाप्त हो गई। सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल मौजूद रहा।

# शराब सेल्समैन ने साथियों के साथ युवक को पीटा

## प्रिंट रेट से अधिक पर शराब बेचने का विरोध पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ओवररेटिंग का विरोध करने पर शराब की दुकान के सेल्समैन ने साथियों के साथ मिलकर युवक पर हमला कर दिया। सिर पर ताला मारने से युवक लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद की जांच-पड़ताल की, घायल युवक को मेडिकल व उपचार के लिए शहर सीएचसी भेज दिया। मामले में आरोपी सेल्समैन समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में नौगावां सादात रोड पर चूना भट्टी के पास संचालित एक शराब की दुकान की है। शहर के मोहल्ला कुरैशी का रहने वाला शुएब गुरुवार रात करीब 11 बजे बियर लेने के लिए यहां पहुंचा था। आरोप है कि बियर की बोतल पर 140 रुपये एमआरपी लिखी हुई थी लेकिन सेल्समैन जबरन ग्राहकों से 150 रुपये वसूल कर रहा था। शुएब ने जब ओवररेटिंग का विरोध किया तो सेल्समैन ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर दुकान में मौजूद साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि बेल्टों से पीटने के साथ आरोपियों ने सिर पर ताला मार दिया। हमले में बुरी तरह लहूलुहान हुआ शुएब बेहोश होने के बाद वहीं जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। सेल्समैन और उसके साथी दुकान बंद कर मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद की जांच-पड़ताल की। इसके बाद घायल शुएब को शहर सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## समाजसेवा ही मकसदः परवेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि उनका मकसद समाजसेवा करना है। नगर के मोहल्ला तलवार शाह में पूर्व एमएलसी परवेज अली ने सीसी सड़क व नाली निर्माण का शिलंयास किया। उक्त सड़क का निर्माण सदर विधायक महबूब अली की निधि से किया गया है। परवेज अली ने कहा कि उक्त सड़क काफी समय से जर्जर थी तथा लोगों द्वारा इसके निर्माण की मांग की जा रही थी। उन्होने कहा कि नगर के विकास के लिए वह हर समय तैयार है। उक्त सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में सहूलत मिलेगी। इस मौके पर दुल्हे हसन मंसूरी, शशिकांत गोयल, इकरार मेम्बर, वीरभान यादव, राधेलाल, अनस अब्बासी, तहसीन अहमद आदि मौजूद रहे।

## रालोद नेताओं को मनोनयन पत्र सौंपे



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रालोद रूहेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह व जिललाध्यक्ष सचिन चौधरी को मनोनयन पत्र सौंपा। बताते चलें कि बीते दिन रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जिलाध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा को हटाकर सचिन चौधरी को नई जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके अलावा चौधरी सरजीत सिंह के पार्टी का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आज हाकमपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर रामवीर सिंह द्वारा दोनों नेताओं को मनोनयन पत्र सोंपे गये। इस मौके पर मनवीर सिंह चिकारा, शाहिद हुसैन, फहीम उद्दीन, जितेन्द्र प्रताप, डा. सईद, मायाराम सिंह, पतराम सिंह, योगेन्द्र सिंह, अमित चौधरी, पुष्पेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

## प्रेमी समेत पांच के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने गर्भपात भी कराया। मामले में प्रेमी माता पिता समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ी है। यहां के रहने वाली 25 वर्षीय किशोरी का प्रेम प्रसंग इसी कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक से चल रहा था। 25 नवम्बर की घटना है कि प्रेमी ने डिडौली के एक होटल में युवती को बुलाया तथा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। वह लगातार उससे बात करता रहता तथा युवती जब भी शादी के लिए कहती तो बहना बनाकर टाल देता। आरोप है कि जब युवती गर्भवती हो गयी तो युवक व उसके परिजनों ने उसे गर्भपात की दवा पिला दी। कई बार समझाने पर भी जब आरोपी शादी के लिए राजी नही हुआ तो पीड़िता के पिता ने मामले में अंकित, उसकी मां, पिता, रेखा, कृपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# विद्यालयों में समर कैम्प निरस्त करने की मांग

## शिक्षा निदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा निदेशक से वार्ता कर समर कैम्प निरस्त करने की मांग की है।

माशिसं के प्रदेशीय महामंत्री डा. जीपी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षा निदेशक डा. महेन्द्र देव से मिला। जिसमें उन्होंने ज्ञापन सौंप 21 मई से दस जून तक विद्यालयों में संचालित होने वाले समर कैम्प का निरस्त करने की मांग की। उन्होंने मांग उठाते कहा कि छात्रों के अभिभावकों से सहमति लेकर ही अपनी इच्छा से इन कैम्पों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके अलावा अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षकों के लिए नेशनल वेतन वृद्धि विद्यालयों में अधियाचन की स्थिति स्पष्ट करने, डीआईओएस कार्यालय में लम्बित पड़े शिक्षकों व प्रधानाचार्यो के प्रकरण को निस्तारित करने, शिक्षकों के अवशेष एरियर



जो जेडी कार्यालय व निदेशालय प्रयागराज में लम्बित हैं उनके निस्तारण की मांग उठायी। प्रतिनिधि मंडल में मंडलीय मंत्री प्रेम सिंह, अतुल कुमार शर्मा आदि शामिल रहे।



सैदनगली। झाड़ वाले बाबा के दरगाह पर उर्स के दौरान मौजूद जायरीन।

# घायल कारपेंटर की इलाज के दौरान मौत

## तीन दिन पहले फर्नीचर की दुकान में घुसी थी डीसीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अनियंत्रित होकर फर्नीचर की दुकान में घुसी स्कॉर्पियो की चपेट में आकर घायल कारपेंटर की गुरुवार रात मेरठ के मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को घर पहुंचे शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है। कारपेंटर की मौत पर परिजनों समेत पत्नी और बच्चों का रोते-बिलखते बुरा हाल है। पुलिस ने मामले में स्कॉर्पियो के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीते मंगलवार की दोपहर में सड़क हादसा नौगावां सादात रोड स्थित गांव बादशाहपुर के पास हुआ था। बिजनौर की तरफ से आ रही स्कार्पियो सामने से आ रही तेज रफ्तार फिगो कार को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद सड़क किनारे फर्नीचर की दुकान में जा घुसी थी। स्कॉर्पियो मुजफ्फरनगर निवासी मुरसलीन चला रहा था। हादसे में फर्नीचर की दुकान में बैठे थाना क्षेत्र के गांव हफीजपुर निवासी अबरार व नौगावां सादात बस्ती के मोहल्ला पापड़ी तालाब निवासी कारपेंटर शब्बू गंभीर घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल से चिकित्सक ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। इसके बाद से परिजन शब्बू का उपचार मेरठ के मेडिकल कॉलेज में करा रहे थे जहां देर रात उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही यहां परिजनों के बीच कोहराम मच गया। 35 वर्षीय मृतक शब्बू मोहल्ला पापड़ी तालाब में रहने वाले मुजाहिद हुसैन के सात बेटी-बेटों में तीसरे नंबर का था। परिवार में पत्नी नाजमीन के अलावा दो बेटियां आरजू व अरीजा के अलावा एक बेटा आमिर है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

# रामगंगा नहर में डूबी किशोरी का सुराग नहीं

## भाई से झगड़े के बाद लगाई थी छलांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाई से झगड़े के बाद गुस्सा होकर रामगंगा पोशाक नहर में छलांग लगाने वाली किशोरी की तलाश दूसरे दिन भी जारी रही। गांव नबाबपुरा भूड़ निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने पथवारी से होकर बह रही रामगंगा पोशाक नहर में छलांग लगा दी थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई लेकिन किशोरी के पता नहीं चल सका शुक्रवार को किशोरी की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम ने भी सर्च ऑपरेशन चलाया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा भूड़ निवासी बाबूराम की 16 वर्षीय पुत्री वैशाली का घर पर अपने भाई से कुछ विवाद हो गया था। जिस पर गुसाई बहन ने रामगंगा पोषक नहर में छलांग लगा दी थी। पत्नी ने भी नहर में छलांग लगाने का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने देखकर शोर मचाया इतने गोताखोर पहुंचे तो किशोरी पानी के तेज बहाव में बह गयी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी पहुंच गए थे। वही सूचना पर पहुंचे गोताखोरों के माध्यम से तलाश कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे दिन भी एनडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी रही। खबर लिखे जाने तक किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि नहर में डूबी किशोरी की तलाश जारी है एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चल रही है लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

# दरगाह पर जायरीनों ने की चादरपोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** झाड़ वाले बाबा की दरगाह पर जायरीनों ने चादरपोशी कर मन्नते मांगी। मोहल्ला इकौंदा स्थित झाड़ वाले बाबा का उर्स शुक्रवार से शुरू हो गया। यह उर्स 18 मई तक चलेगा। पहले दिन दूर दूर से आये जायरीनों ने दरगाह पर चादरपोशी कर मन्नते मांगी। उर्स के दौरान धार्मिक व सांस्कृतिक कायक्रम का आयोजन भी किया गया। कव्वाली मुकाबला भी हुआ। उर्स में जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर अब्दुल हबीब, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद कमाल उद्दीन आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज से घर लौट रहे छात्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कॉलेज से पढ़ाई करके घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट करके घायल करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 15 मई को जितेन्द्र पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम शहबाजपुर डोर का पुत्र मुकेश पढ़ाई करके बाइक से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में नाईपुरा के समीप एक होटल के सामने गांव के ही चंद्रपाल, ओमवीर व नारायण ने रोक लिया और मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने जितेन्द्र

**पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा**

की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

**युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती को एक युवक 29 अप्रैल 2025 को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चला, जिस पर उन्होंने आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बच्चों की कम संख्या देख एसडीएम खफा



## शिक्षा के प्रति लापरवाही सहन नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** एसडीएम चंद्रकांता ने गांव मुसेलपुर व वासीपुर में स्थित परिषदीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने क्लास रूम में जाकर बच्चों से सवाल जबाब किये। नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए बढ़ाने का निर्देश दिया कहा छात्र उपस्थिति में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा एमडीएम में गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुसार भोजन दिये जाने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को एसडीएम चंद्रकांता ने गांव मुसल्लेपुर व वासीपुर के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। स्कूल में बच्चों से रूबरू होते हुए विद्यालय संचालन का बारीकी से निरीक्षण किया। नामांकन एवं मिड-डे-मील सहित समस्त अभिलेख देखे एवं बच्चों से जानकारी ली। बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम की गुणवत्ता, उपस्थित पंजिका, रसोइया घर आदि की जांच की। स्कूल के पठन-पाठन का जायजा लेते हुए बच्चों से कई तरह के सवाल करते हुए जानकारी ली एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए पढ़ते रहने की सलाह दी। शिक्षकों से कहा कि हर बच्चे में प्राकृतिक चेतना होती है जररूत है तो उसको निखारने की। शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता हैं, इसलिए बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। एसडीएम ने बताया स्कूलों के निरीक्षण के दौरान छात्र छात्राओ की संख्या कम मिली प्रधानाचार्य को संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुरानी रंजिश में किसान व महिला पर फावड़े से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने सौतेले बेटे फरमान व उसकी पत्नी कहकशा के व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपने संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कृत्य की मैं जिम्मेदार नहीं हूं।

आसमा पत्नी स्व. मौ. आफताब नि. मुहल्ला खेवान हसनपुर जि. अमरोहा

**नौगांवा सादात।** पुरानी रंजिश में खेत पर काम कर रहे किसान पर फावड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बीच बचाव को आयी परिवार की महिला को भी जमकर पीटा। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है जबकि घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव देहरी खुर्रम की है। यहां के रहने वाले करन सिंह पुत्र लीला सिंह का गांव के रहने वाले भीम सिंह पुत्र चांदे से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार की घटना है कि करन सिंह खेत पर ईख की खुदाई कर रहा था। इस बीच भीम सिंह व उसके बेटे कलुवा, राजपाल, सुरेश समेत परिवार के लोगों ने करन सिंह पर लाठी डंडो से हमला कर दिया। जब उसने विरोध किया तो सिर में फावड़ा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो दबंगों ने घायल परिवार की बबीता पत्नी नरेश के सिर में भी धारदार वस्तु मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया हैं जबकि रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है।

# अमेठी में अखिलेश यादव का राजनीतिक प्रहार



■ नारियल पानी के बहाने बागियों पर हमला, भाजपा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे, जहां उन्होंने सधी हुई राजनीतिक शैली में विपक्ष और पार्टी के बागी नेताओं पर तीखे वार किए।

सड़क किनारे ठेले से नारियल पानी पीते हुए आम जनता से संवाद करते हुए उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की, जिसने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी। अखिलेश यादव ने लिखा कि छोटे दुकानदारों और स्थानीय कारोबारियों को बढ़ावा देकर ही ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी का सपना पूरा किया जा सकता है।ष यह वक्तव्य न सिर्फ अर्थव्यवस्था की जमीनी ज़रूरतों की ओर इशारा करता है, बल्कि भाजपा के 'बड़े पूंजीपति समर्थक' छवि पर भी एक स्पष्ट तंज था। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासन में हनिवेशकों से एजेंट पहले ही एडवांस कमीशन मांग रहे हैं और अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ ही टेंडर रद्द किए जा रहे हैं। राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी अखिलेश यादव ने अमेठी से सपा छोड़कर भाजपा में गए नेताओं पर बिना नाम लिए तीखा हमला बोला। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, हअमेठी के जिन लोगों ने पाला बदला है, वे तीन कारणों से अब कभी नहीं जीत पाएंगे ख्र एक, एहसान फरामोशी( दो, दगाबाजी( तीन, उस दल में चले जाना जो अपने ही लोगों का सगा नहीं। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे लोगों ने अपनी राजनीति पर खुद ही पूर्णविराम लगा दिया है। इस दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे फल की दुकान पर खरबूजे का वजन अनुमान लगाते दिखाई दे रहे हैं। दूसरा वीडियो उन्हें नारियल पानी पीते दिखाता है। दोनों ही ख्रश्य, उनके ज़मीनी जुड़ाव और आम जनता से संवाद की कोशिश का प्रतीक बनकर सामने आए हैं। भाजपा पर भी उन्होंने ज़ुबानी हमला बोलते हुए उसे 'चित्रजीवी' करार दिया और कहा, हबात यह नहीं होनी चाहिए कि फिर हमला हुआ तो जवाब देंगे, बल्कि बात यह होनी चाहिए कि फिर हमला न हो ख्र जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलना चाहिए इसी बीच, समा. जवादी पार्टी के बागी विधायक राक. ेश प्रताप सिंह ने भी मोर्चा संभालते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा, हजहां राम और राष्ट्र का सवाल आएगा, मैं हमेशा बागी रहूंगा। भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वालों के खिलाफ मेरी आवाज़ हमेशा बुलंद रहेगी।

## पति के उत्पीड़न के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव के परवानी पुरवा निवासी मालिकराम पुत्र भिखारी ने तरबगंज थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि मैने 2009 में अपनी लड़की संगीता की शादी तरबगंज थाना क्षेत्र के बल्लीपुर खजुरी निवासी अनिल कुमार से की थी। शादी के बाद से ही दामाद मेरी बेटी को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारता-पीटता था। सन 2018 में दोनों पक्षों में लिखा पढ़ी के साथ समझौता हुआ कि अब अनिल संगीता को नहीं मारे-पीटेगा। लेकिन समझौते के बाद भी वह मारता-पीटता रहा। मेरी बेटी संगीता ने बताया कि अनिल का किसी और महिला से संबंध है। जब संगीता ने विरोध किया तब वह दूसरे प्रदेश में कमाने चला गया। बीते 13 मई को संगीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मेरी छोटी बेटी गीता ने दी। पीड़ित पिता ने बताया कि हम लोग बेटी की आत्महत्या की खबर सुनकर अमृतसर से उसकी ससुराल पंहुचे तो वहां अनिल और उसके भाई शिवकुमार और पप्पू ने ना तो बिटिया को देखने दिया और नाही अंतिम संस्कार में शामिल होने दिया। इन सभी की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर और विपक्षियों के षडङंत्र के कारण मेरी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। थाना अध्यक्ष तरबगंज कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मृतका का पोस्ट मार्टम कराया गया है। मृतका का पति महाराष्ट्र में है मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी खंड विकास अधिक. ारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना और उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से संचा. लित करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जनसहभागिता से चलने वाली सतत प्रक्रिया है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें ताकि जनपद को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श स्थान दिलाया जा सके। बैठक में जिला. धिकारी ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों की नियमित सफाई पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलजमाव की समस्या लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, अत: सभी ग्राम पंचायतों में समयब) रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में सामुदायिक शौचालयों पर ताला न हो। उन्होंने इन शौचालयों की नियमित सफाई, रखरखाव और संच. ालन व्यवस्था को सुख्रढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला. धिकारी ने धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों के समीप स्थित सामुदायिक शौचालयों की मैपिंग कराकर उनकी स्थिति बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। संचालन व्यवस्था की निगरानी के लिए तकनीकी पहल की ओर भी कदम उठाया गया। जिला. धिकारी ने निर्देशित किया कि साम. ुदायिक शौचालयों के निरीक्षण हेतु एक ऑनलाइन लिंक बनाया जाए, जिसमें हर दिन जिओ टैग फोटोग्राफ अपलोड किए जाएं। इससे निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम खारा में स्थापित बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट), प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने इन योजनाओं के संचालन को और अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेरी-अर्बन ग्रामों के अनुमोदन की प्रक्रिया तथा ग्रीन लीक रेटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इन ग्रामों की रेटिंग में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि स्वच्छता का संबंध सीधे आम जनजीवन की गुणवत्ता से है। स्वच्छता के प्रत्एक मानक का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि जनपद न केवल राज्य बल्कि देशभर में एक उदाहरण बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बर्ड़ फ्लू की आशंका के मद्देनजर नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में एच-5 एवियन इन्फ्लूएजां वायरस (बर्ड़ फ्लू) की दस्तक के मद्देनजर देवीपाटन मंडल की भारत- नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता बरतते हुए सीमावर्ती इलाकों में कुक्कुट उत्पादों के अभियान चलाकर नमूने लिए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा-मुकेश कुमार ने शुक्रवार को यूनीवार्ता को बताया कि मंडल के श्रावस्ती,बहराइच और बलरामपुर जिले नेपाल सीमा से सटे हुए हैं। तीनों जिलों की खुली 243 किलोमीटर नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में संचालित पोल्ट्री फार्म्स,मुर्गी फार्मों व अन्य माध्यमों से बिक्री करने वाले कुक्कुट उत्पादों के सीमापार से आयात-निर्यात के दृष्टिगत सभी फार्म मालिकों को बर्ड़फ्लू की आशंका को लेकर स्पष्ट चेतावनी देते हुए पक्षियों में पाए जाने वाली जानलेवा बीमारी के सम्बंध में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा सभी फार्मों व चिकन सेंटर्स पर जांच टीमें सैंपललग करने में जुटी हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल मंडल में बर्ड़ फ्लू का कोई केस नहीं मिला हैं। यदि किसी प्रकार से बर्ड़फ्लू फैलने की आशंका प्रबल हुई तो तत्काल प्रभाव से नेपाल से कुक्कुट उत्पादों के आयात-निर्यात कर प्रभावी रोक लगा दी जाएगी।

## गर्मी में पूर्वोत्तर रेलवे ने बड़ी संख्या में चलाई समर स्पेशल ट्रेनें

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए हुए विभिन्न स्टेशनों से 54 ग्रीष्मकालीन गाध्यिॉ 910 फेरों में चला रहा है जबकि 44 ग्रीष्मकालीन विशेष गाध्यिॉ 610 फेरों में चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने डाक्टर बताया कि इस प्रकार पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर 98 ग्रीष्मकालीन विशेष गाध्यिॉ 1520 फेरों में चलाई जा रही हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाए गए हैं तथा पानी की टोटियॉ एवं हैन्ड पम्प कार्यशील हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार स्टेशनों पर वाटरकूलरए पानी की टोटी एवं हैन्ड पम्प लगाए जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर रेलकर्मियों तथा स्काउट गाइड के सदस्यों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा गाध्यिों तथा प्लेटफार्मों पर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गोरखपुर स्टेशन पर रूककर जानेवाली गाध्यिों एवं प्लेटफार्मो पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के साथ सुरक्षित यात्रा हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा कार्यक्रम बनाते समय विशेष ट्रेनों में बर्थो की उपलब्धता और समय आदि नेशनल ट्रेन इन्क्वायरी सिस्टम (एनटीईएसद्ध अथवा 139 पर डायल कर जानकारी प्राप्त कर अपनी यात्रा को सुगम बनावें।

## 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म मामले में 41 दिन में आरोपी को सजा सुनाई

**चित्रकूट।** थाना मानिकपुर क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया के सहयोग से मात्र 41 दिन में आरोपी को सजा सुनाई गई। विशेष न्यायालय ने आरोपी को 25 वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। घटना इसी साल 6 अप्रैल को हुई थी, जिसके संबंध में थाना मानिकपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए 7 अप्रैल को आरोपी शारदा कोल को गिरफ्तार किया गया। विवेचक द्वारा 11 अप्रैल को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने 15 अप्रैल को मामले में संज्ञान लिया और नियमित सुनवाई के बाद 16 मई को निर्णय सुनाया। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रेनू मिश्रा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा दी। इस प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, वर्तमान प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, विवेचक विनय विक्रम सिंह और पैरोकार मुख्य आरक्षी अजय कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी तेज प्रतापने न्यायालय में पक्ष रखा।

## आजमगढ़ में चचेरी बहनें पोखरी में डूबी

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के महियापार गांव में एक पोखरी में डूबने से दो मासूम चचेरी बहनो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों बहने कल शाम भैंस चराने गई थी। जब काफी देर तक नहीं लौटी तो देर शाम परिवार के लोग देखने गए तो दोनों बहनों का शव पोखरे में उतराया मिला। अहरौला पुलिस के अनुसार इन दोनों को तत्काल अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया। इन दोनों के पहचान रजिया 10 वर्ष पुत्री नौशाद और शाजिया 12 वर्ष पुत्री इरशाद के रूप में हुई। गांव वालों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा कराकर शव उन्हें वापस दे दिया।

## ग्रामीणों के मतदान से हुआ कोटेदार का चयन

**सीतापुर।** विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत लखनियापुर के रिक्त चल रहे कोटे की दुकान के चयन के लिए शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय में खुली बैठक की गई। कोटे की दुकान के लिए ग्राम पंचायत से राहुल और रामनाथ ने दावा किया। जिसकी वजह से ग्रामीणों का मतदान कराया गया। मतों की गणना के दौरान राहुल को कुल 555 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रामनाथ को 541मत मिले। इस वजह से चुनाव कमेटी ने राहुल को 14 मतों से विजई घोषित किया। इस दौरान चुनाव अधिकारी एडीओ पंचायत दिनेश यादव, एडीओ आईएसबी विजय कुमार, सचिव अजय गौतम, अरूण वर्मा, अनूप वर्मा ने विजई प्रत्याशी राहुल के नाम कोटे की दुकान का प्रस्ताव लिखा। इस दौरान ग्राम प्रधान पैकरमा मौर्य, पूर्व प्रधान मोहम्मद सईद मौजूद रहे। सुरक्षा के लिहाज से सकरन, रेउसा, तालगांव व बिसवां, मानपुर थानों की पुलिस बल मौजूद रहा।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रयागराज महानगर इकाई ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और वीर जवानों सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में यात्रा पत्थर गिरिजाघर से सुभाष चौराहा तक निकाली गई।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 06:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि– साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 10:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढ़ी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढ़ी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि– | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | साप्ताहिक | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि– | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | साप्ताहिक | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04600 | वाराणसी जंक्शन | 00:00 | जम्मू तवी | 07:46 | | शुक्रवार | 10.07.2026 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि– | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | साप्ताहिक | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि– | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि– | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | 5 दिन | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 00184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2026 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2026 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि. सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु. रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जन औषधि केंद्र पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मारा छापा

■ ड्रग इंस्पेक्टर ने खामियां मिलने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार आमजन के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित एवं गंभीर है जिसको लेकर भारत सरकार भारतवासियों को बेहतर उपचार व महफूज दवाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयासरत है लेकिन कुछ जिम्मेदार लोग भारत सरकार एवं सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत सरकार द्वारा सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जनपद बदायूं में सीएचसी केन्द्रो पर जन औषधि केंद्र खुलवाए गए हैं जहाँ पर 50 से 80% सस्ती दवाएं उपलब्ध हैं लेकिन कुछ भ्रष्टाचारियों की करतूतों के चलते जरूरतमंदों को सस्ती दवाओं का लाभ नहीं मिल पाता है ऐसा ही एक मामला सामने आया है इसमें किसी एक व्यक्ति ने बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जन औषधि केंद्र पर बाहर मेडिकल स्टोर की महंगी दवाओ की बिक्री को लेकर बरेली कमिश्नर से शिकायत की गई जिसको संज्ञान लेकर बदायूं ड्रग इंस्पेक्टर के लिए जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने के निर्देशित किया गया इसी दौरान आज शुक्रवार को बदायूं ड्रग इंस्पेक्टर लव कुश




प्रसाद ने बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जन औषधि केंद्र पर छापेमारी की मिली शिकायत के अनुसार जन औषधि केंद्र कई प्राइवेट महंगी दवा मिली अनिमितताएं पाई गई इसमें ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने बताया कि एक व्यक्ति ने बिसौली जन औषधि केंद्र की शिकायत की गई जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है जिसमें जन औषधि केंद्र पर आमजन को मिलने वाली सुविधा नहीं मिल पा रही है व्यवस्थाओं का भी बेहद अभाव है जिसमें बताया गया कि इंजेक्शन व अन्य दवाएँ रखने के लिए फ्रिज व बाहर की प्राइवेट मेडिकल स्टोर की महंगी दवाएं जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध मिली तथा मरीज को दिए जाने वाली दावों के साथ बिल बुक भी नहीं पाई गई एवं मरीज को देने दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड भी नहीं पाया गया वहीं जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाओं की सूची भी चश्पा नहीं की गई थी ना ही कोई जन औषधि केंद्र का बोर्ड भी लगा नहीं पाया गया एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं मिली जिसको लेकर ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई करने की बात कही वहीं ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि जनपद भर में 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन औषधि केंद्र खोले गए हैं जिन पर सस्ती दवाएं ब्रेन पावर कंपनी के द्वारा उपलब्ध हैं। वहीं छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश कुमार ने बताया कि बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जन औषधि केंद्र पर मिली अनमियतताए को ध्यान में रखकर शासन एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा इसमें भविष्य में आने वाले जरूरतमंदों को किसी भी परेशानी का सामना करना ना पड़े।

# बंद पड़े नाले: खाली प्लाटों में बह रहा गन्दा पानी

**अनुराग मिश्रा, शाह टाइम्स**

**वजीरगंज।** कस्बा वजीरगंज के बिल्सी रोड पर बने नालों की सफाई ना होने की वजह से नालों पर उगी बड़ी बड़ी घासों ने नाले को अपने मकड़ा जाल में जकड़ लिया है जिससे नाला पूरी तरह से बंद होने के कारण रोड़ किनारे खली प्लाटों में गन्दा पानी भरा रहता है जिसमें पनप रहें जहरीले मच्छरों से गम्भीर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। नगर पंचायत वजीरगंज के बिल्सी रोड पर बने नाले नगर पंचायत की सफाई



व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है शासन का फरमान है की मानसून आने से पहले नालों की तली झाड़ सफाई होनी चाहिए जिससे बरसात का पानी घरों में ना घुसे और नालों में पड़ी गंदगी सड़कों पर ना बहे इसके बाबजूद भी नगर के नालों से तली झाड़ सफाई तो दूर नालों पर उगी उगी बड़ी बड़ी घासों तक की भी सफाई नहीं की गई जिससे नालों का पानी बह सके आलम यह है कि नालों का गंदा पानी घरों के बीच खाली पड़े प्लाटों भरें रहने से मोहल्ले वासी दुर्गंध में रहने के लिए मजबूर हैं नगर पंचायत के कुछ सभासद भी सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर रोज ही सवालिया निशान लगाते हैं उसके बावजूद भी नगर पंचायत प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं है।

# मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा टीम ने कसा शिकंजा, मचा हड़कंप

## आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, जूस व छेना मिठाई के लिए आठ नमूने, जांच के लिए भेजे प्रयोगशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** खाद्य सुरक्षा टीम ने मिलावटखोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। टीम ने विशेष अभियान चलाकर आठ सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजें जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है साथ ही खाद्य पदार्थों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दें मिलावट पाएं जाने पर कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सीएल यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में अधिक संख्या में खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों जैसे पेय जल, शीतल पेय, स्ट्रिंग एवं एनर्जी ड्रिंक इत्यादि आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त मिल सके इसलिए मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर शुक्रवार के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर टीम ने खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों के आठ नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजें है। उन्होंने बताया कि सहसवान के मोहल्ला सैफुल्लागंज में आइसक्रीम निर्माण इकाई के संचालक मोहमद शाहिद की फैक्ट्री से आइसक्रीम का नमूना लिया, अमरीन कोल्ड डिंक्स से कार्बोनेटेड शीतल पेय, मैंगो फूट जूस, लीची जूस का नमूना लिया गया, जरेठा रोड उस्मानपुर स्थित विजय सिंह के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का नमूना लिया



गया है, वहीं वजीरगंज स्थित बाबाजी सेल्स व श्रीराम इंटरप्राइजेज से एनर्जी ड्रिंक का एक-एक नमूना लिया गया है, शहर के मोती बिहार कालोनी स्थित नंदन इंटरप्राइजेज से आइसक्रीम सहित आठ नमूने लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित होने पर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए है। टीम में शामिल सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सीएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह तोमर, आजाद कुमार एवं माता शंकर बिन्द, शहाबुद्दीन दोस्त आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दबतोरी चौकी के अंतर्गत दबतोरी व करेंगी रेलवे ट्रैक पर ग्राम पपगांव के समीप एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर हुई मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। हम आपको बता दें कि शुक्रवार लगभग 11:00 बजे करीब बिसौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी नरेश पुत्र राय सिंह उम्र 45 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में दबतोरी और करेंगी रेलवे ट्रैक पर ग्राम पपगांव के समीप ट्रेन से कटकर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक नरेश के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया तथा पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अनुराग मिश्रा, शाह टाइम्स**

**वजीरगंज।** वजीरगंज बिल्सी मार्ग पर ग्राम कंजुआ के समीप गंगा एक्सप्रेस के समीप कस्बे से वापस अपने घर जा रहा बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ग्राम बीरमपुर निवासी अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने सीएससी वजीरगंज पर भर्ती कराया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर निवासी 23 वर्षीय अनुज यादव बाइक से किसी रिश्तेदारी से वापस अपने गांव जा रहा था की वजीरगंज बिल्सी मार्ग पर स्थित ग्राम कंजुआ के समीप निर्माण दिन गंगा एक्सप्रेस वे के समीप ही किसी अज्ञात वाहन अनुज यादव की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से अनुज यादव को सीएचसी वजीगंज पर भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया सूचना मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे शव को देखते ही परिजनों में को. हराम मच गया पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

# तिरंगा यात्रा में गूंजा भारत की सेना का शौर्य, खूब लहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन मैदान से निकाली गई। तिरंगा यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी वैसे-वैसे लोग जुड़ते चले गए। तिरंगा यात्रा भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, बाबूराम मार्केट, कश्मीरी चौक, परशुराम चौक, बदायूं क्लब होते हुए पुलिस लाइन मैदान पर समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का सैलाब उमड़ा, लोगों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के नारे लगाए। भारत माता की जय, वंदे मातरम के गगन भेदी नारे लगाए। सामाजिक लोगों ने परशुराम चौक पर फूल बरसाए। हर तरफ उत्सव जैसा नजारा था, हर हाथ में तिरंगा नजर आया हर दिल में भारत माता के प्रति प्रेम साफ दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन, व्यापारी, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, विभिन्न कॉलेज के छात्र, जनप्रतिनिधि आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा में केंद्रीय राज्यमंत्री मा0 बीएल वर्मा ने कहा सेना के हमारे वीर जवानों ने जिस साहस, समर्पण और पराक्रम से देश की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा है। इस यात्रा के माध्यम से उनके शौर्य को नमन करते हुए, हमने यह संकल्प लिया कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हम सदैव कृतसंकल्पित रहेंगे। प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने कहा तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर गर्व की अनुभूति हुई। यह तिरंगा यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दृढ़ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा जिलाध्यक्ष मा0 राजीव कुमार गुप्ता ने कहा यह तिरंगा यात्रा हमारा मान अभिमान और सम्मान है। देश की वीर जवानों का हौसला बढाना ही इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। सदर विधायक मा0 महेश चंद्र गुप्ता ने कहा तिरंगा यात्रा देश की एकता और अखंडता की वास्तविक पहचान है। सेना के पराक्रम को नमन करते हैं। बिल्सी विधायक मा0 हरीश शाक्य ने कहा आज का भारत, नया भारत है। जो किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। इस मौके पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर सहित अन्य उपस्थित रहे।



शौर्य तिरंगा यात्रा मे हाथों में तिरंगा झंडा लेकर बड़ी संख्या में निकले देशभक्त

# कासगंज- हजारा नहर के किनारे सेल्फी लेते समय नहर में गिरी बिल्सी की महिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कासगंज के नदरई स्थित झाल के पुल पर हजारा नहर के किनारे सेल्फी लेते समय बदायूं के कस्बा बिल्सी की 30 वर्षीय महिला नहर में जा गिरी। वह परिवार सहित नई कार का मुहुर्त मारहरा दरगाह से कराकर वापस लौट रही थी उसी समय हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार बिल्सी कस्बा निवासी 30वर्षीय शवाना पत्नी शाहने आलम के परिवार में नई कार खरीदकर आई थी। वह परिवार सहित कार का मुहुर्त कराने के लिए मारहरा स्थित शरीफ की दरगाह पर गये थे। मुहुर्त के बाद वह घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में पढ़ने वाले पिकनिक प्वाइंट झाल के पुल पर पहुंच गये। जहां शवाना हजारा नहर के किनारे खड़े होकर लगभग सात बजे सेल्फी ले रही थी। अचानक वह नहर में गिर गई। नहर में गिर जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। महिला के नहर में गिरने की सूचना पर तहसील प्रशासन भी पहुंच गया। प्राईवेट और पीएसी के गोताखोर भी बुलाए गये। फिलहाल महिला शवाना की नहर में तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया महिला की नहर में गोताखोरों द्वारा तलाश की जा रही है। सभी लोग बदायूं के बिल्सी के रहने वाले हैं। रात 12 बजे तक गोताखोर शवाना को खोजने में कामयाब ना हो।




## एक नजर

### मरम्मत के नाम पर चार माह से दिन में बिजली गायब, गर्मी में बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** उसहैत नगर में पिछले चार माह से मरम्मत के नाम पर दिन में बिजली गायब है। अभी तक सही मौसम होने के कारण लोगों को अधिक परेशानी नहीं थी, लेकिन अब भीषण गर्मी में बच्चों और महिलाओं का बुरा हाल है। लोगों ने अधीक्षण अभियंता से समस्या दूर करने की मांग की है। उसहैत नगर में बिजली के पोलों पर पुरानी केबिल बदली जा रही है। जिसके चलते पिछले चार माह से सुबह करीब 8 बजे से शाम 8 बजे तक बिजली काट दी जाती है। गर्मी का मौसम आते ही लोग परेशान हैं। लेकिन विभागीय कर्मचारी कार्य में तेजी लाने के बजाय उपभोक्ताओं के फोन तक नहीं उठा रहे हैं। वहीं उसहैत यूथ कमेटी ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया हैघ् साथ ही अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार से मांग की है कि गर्मी में दोपहर के समय भी सप्लाई चालू की जाए। कमेटी अध्यक्ष आसिम अहमद ने कहा कि जिस गली या मोहल्ले में केबिल बदलने का काम किया जाए उसी मोहल्ले की सप्लाई बंद हो। गर्मी के मौसम में पूरे कस्बे की सप्लाई बंद रहने पर बच्चे और महिलाएं परेशान हैं। इस संबंध में जेई विनोद कुमार को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



### खंड विकास आधिकारी ने ग्राम सचिवों का मनोयोग वेतन रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** जिससे लंबे समय से अटके वेतन को नहीं देने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया है, सचिवों का कहना है कि जिले के आला अधिकारी भी उनके अटके तथा लंबित वेतन भुगतान में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे उनके आगे आर्थिक और मानसिक परेशानी की समस्या खड़ी हो गई है, खंड विकास अधिकारी ज्योति शर्मा को यह शिकायत देने वाले सचिव केशव भारती, अवधेश कुमार, तरुण कुमार, विवेक चौधरी, अंकित कुमार, विनीत कुमार, कपिल गौतम सेवाराम विनेश कुमार आदि सचिवों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र में कहा है कि वर्ष 2014, 2023, 2024 में उनका वेतन किन्हीं कारणों से रोक दिया था।

जिनका स्पष्टीकरण विभाग को समय पर दे दिया गया था अब लंबा समय बीत चुका है, जिले के अफसरों के यहां भी परिक्रमा कर चुके हैं लेकिन उनकी किसी ने भी नहीं सुनी है शिकायत कर्ताओं ने बी डीओ से जल्दी से जल्दी रुके वेतन का भुगतान कराने की मांग की है, इस बारे में यहां की बीडीओ ज्योति शर्मा ने बताया कि यह प्रकरण उच्च अधिकारियों के भी संज्ञान में है, इस मामले में निर्देश जिले के अधिकारी देंगे इधर वेतन भुगतान नहीं होने से सचिवो के कार्य करने की स्पीड कम हो गई है, यही कारण है कि शासन द्वारा गांव के विकास को भेजी गई योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है।

# ममता शाक्य ने किया बीजीपीएल-8 का उद्घाटन



■ बेहटा चैंपियंस ने दिल्ली टाइगर को पांच रनों से हराया।
■ गौरव को दिया गया मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में शुक्रवार से शुरू हुए बेहटा गुंसाई प्रीमियर लीग (बीजीपीएल) का पूर्व जिपं सदस्य ममता शाक्य ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। आयोजक शिवम् पूरी समेत उनकी टीम ने उनका स्वागत किया और मैच में भाग ले रही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कराया। उन्होनें कहा कि इस प्रकार की लीग के आयोजन से प्रतिभाओं का जन्म होता है और परस्पर एकता की भावना की उत्पत्ति होती है, साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। पहला मैच बेहटा चौंपियंस एवं बेहटा दिल्ली टाइगर के मध्य खेला गया। जिसमें बेहटा चौंपियंस ने दिल्ली टाइगर को पांच रनों से हरा दिया। दिल्ली टाइगर के कप्तान आयुष वार्ष्णेय ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बेहटा चौंपियंस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवर में नौ विकेट पर 126 रन बनाए। इसमें आर्यन ने 16, कप्तान कौशिक पुरी ने 12, गौरव ने 38, मॉनिश सिद्दीकी ने 15 रन का योगदान दिया। इसके बाद 126 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी दिल्ली टाइगर ने निर्धारित 12 ओवर में 121 रनों पर आल आउट हो गई। जिसमें नेम सिंह ने 19, कप्तान आयुष वार्ष्णेय ने छह, दीपेंद्र ने 19, विवेक कश्यप आठ रनों का योगदान दिया। इस प्रशार बेहटा चौंपियंस टीम को पांच रनों से विजयी घोषित किया गया। साथ ही गौरव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मौके पर आयोजक समिति के शिवम् पूरी, गोपाल पूरी, निशु पूरी, गुड्डू शाक्य, अभिषेक वार्ष्णेय, जयप्रकाश शाक्य, देशराज शाक्य, सत्यवीर, रामनिवास, ओमवीर, राहुल श्रीवास्तव, पुलकित गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजीव पुरी, संदीप पुरी, पंकज गुप्ता, धीरेंद्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

# पिनेकल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी नवादा का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। जिसमें कक्षा दस के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला और विद्यालय का नाम रोशन किया। 10 वीं आस्था (91.6%,), तान्या सिंह ( 82%), रिद्धि यादव (81%), हर्ष सैनी(76%), ध्वज यादव (74%), आदि ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी, प्रधानाचार्य विनोद पटेल, प्रतिभा मिश्रा, वेंकटेश शंखधार, शरद यादव, केशव पाराशरी, सुकेन्द्र पाल आदि शिक्षकों ने उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# विधायक हरीश ने बांटे आंगनबाड़ी वर्करों को नियुक्ति पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील सभागार में शुक्रवार को आंगनबाड़ी वर्करों को नियुक्ति प्रमाण पत्र विधायक हरीश शाक्य ने वितरित किए। नियुक्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद आंगनबाड़ी वर्करों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विधायक ने कहा कि पिछले दिनों शासन द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों की भर्ती की गई। जिसमें जिले के पांच ब्लाकों के 129 आंगनबाड़ी वर्करों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार निष्पक्ष तरीके से सभी विभागों में भर्ती कर रही है और जो योग्य अभ्यर्थी हैं उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। एसडीएम रिपुदमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया इस्लामनगर से 16, अंबियापुर से 22, बिसौली से 54, आसफपुर से 12 एवं सहसवान ब्लाक से 25 आंगनबाड़ी वर्करों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।इस मौके पर सीडीपीओ सुशील कुमार, अल्पना जौहरी, विमल कुमार, राधा यादव, सर्वेश बाबू, महेंद्र बाबू, दीपक चौहान, बिंजु सिंह, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, रामरक्षपाल शाक्य, दीपक राठौर, सुधीर सोमानी, अजय प्रताप सिंह, राहुल देव, हरिओम राठौर आदि मौजूद रहे।

# बिल्सी में विधायक हरीश ने सुनीं जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर के सिरासौल रोड स्थित गल्ला मंडी के गेस्ट हाउस पर शुक्रवार को विधायक हरीश शाक्य ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना। साथ ही मौके पर अधिकारियों को बुलाकर उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के गांव नगला डल्लू, खेरी, अगोल, कुदरनी, सिरासोल, दिधोनी, जरसेनी, बादशाहपुर आदि गांव के किसानों ने विधायक को अवगत कराया कि बिजली सप्लाई सही तरीके से न मिलने के कारण सिंचाई के अभाव में खेतों में खड़ी फसले सूख रही है। इसके बाद बिल्सी भाजपा विधायक हरीश शाक्य ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और शीघ्र बिजली सप्लाई सुधार कराए जाने के निर्देश दिए। इसके



अलावा भाजपा किसान नेता दीपक गुप्ता, मोहित गुप्ता, सुधीर सोमानी, दीपक चौहान ने मामूली हवा चलने के बाद मुख्य लाइन में ब्रेकडाउन में होने की बात कहते हुए उझानी से हटवाकर उलैया पॉवर स्टेशन से जुड़वाने की बात रखी। विधायक हरीश शाक्य ने क्षेत्र के तमाम लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।

# एसडीबी स्कूल में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री देवराह बाबा पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर कक्षा एक से आठ तक आरंभ किया गया। जिसमें रचनात्मक गतिविधियां सदैव ही बच्चों में हर्ष उल्लास तथा उमंग और उत्साह उत्पन्न करती है। शिक्षा के साथ- साथ बच्चे अपनी अपनी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण कक्षा में अपनी पसंद तथा रुचि की चीज सीखते हैं। घर की अनावश्यक तथा अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाना भी बच्चे सीखते हैं। विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने कहा कि ऐसी कक्षाएं मनोरंजन के साथ-साथ भविष्य में बच्चों की रुचि के अनुसार कैरियर निर्माण करने में भी सहायक होती हैं। समस्त कक्षाएं शिक्षक बड़े ही रुचिकर विधि से संचालित कर रहे हैं। एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बवेजा ने कहा कि इन कक्षाओं के संचालन से बच्चों के अंदर की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने में सहायता मिलती है। कक्षा एक व दो के बच्चों को आज आर्ट एंड क्राफ्ट तथा क्ले मॉडलिंग में क्ले से गणेश जी, शिवाजी, फल, फूल, पत्तियां, शिवलिंग, पशु पक्षी, जोकर, गुड़िया, टोकरी, फ्लावर पॉट, पेपर से ग्लास प्लेट्स, चटाई, ट्रे, पंखे, गुड़िया, वॉल हैंगिंग एवं अन्य कई आकर्षक वस्तुएं बनानी सिखाई गई। बच्चों ने देखकर बहुत ही अच्छी-अच्छी वस्तुएं बनायी। स्वाती, नीलम मिश्रा, विनीता, सुंदरी, रोमा, श्वेता, नीलोफर, शगुफ्ता, चेतना, रीता, दिव्या, अर्चना, शालू, गौरी आदि शिक्षिकाओं ने बहुत ही परिश्रम से बच्चों को सिखाया। शिविर में शिवांशी, तान्या, अर्नव, वंश, मुकेश, तनु, नित्या, महिमा, यशिका, जयंत, गौरव, मिष्ठी, अभय, पायल, अक्षिता, शिवा, नमन, उन्नति, आराध्या, प्रियदर्शनी, अवंतिका, दिव्यांशु आदि बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# जन शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता की उपस्थिति में करें: राशि कृष्णा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को राजस्व कार्यों की प्रगति बढ़ाने के लिए एसडीएम राशि कृष्णा ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की बैठक ली तथा जनहित से जुड़े कार्यों तथा शासन की प्राथमिकता में शामिल योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में करें। उन्होंने निर्देशित किया कि विरासत, पैमाइश, प्रमाण पत्रों पर आख्या रिपोर्ट लगाने में देरी न की जाए। किसी भी मामले को ज्यादा समय तक लंबित न रखा जाए। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार सृजन यादव, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित कुमार, मुनेश पाल सिंह, विनोद कुमार शर्मा, धनपाल सिंह, राजेश शर्मा, सर्वेश यादव, यशपाल सिंह राजस्व निरीक्षक, संदीप कुमार, मोहित शर्मा, शोभित कुमार, राजेश कुमार, रिंकी गुप्ता, रिंकी बाथम, लोकपाल सिंह, राहुल सिंह, प्रताप सिंह, प्रियंका शर्मा, श्याम मोहन शर्मा, अनुज कुमार, सत्यम, शिव हरी पंकज, दीपक भटनागर, आदित्य कुमार, आदित्य कांत, सुनील कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।



## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# छात्रा की हत्या का आरोप लगाते परिजनों का हंगामा

## इंटर की परीक्षा की थी उत्तीर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। इंटर के छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। परिजनों ने गांव के ही युवक पर हत्या का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें शांत किया। मामले की जांच की जा रही है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक सफाई कर्मी का परिवार रहता है, तैनाती जिले की एक नगर पालिका में है। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और चार बेटियां हैं। दूसरे नंबर की 17 वर्षीय बेटी ने इसी शैक्षिक सत्र में शहर के एक इंटर कॉलेज से करीब 66 प्रतिशत अंक के साथ इंटर की परीक्षा पास की थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर छात्रा गांव में ही रहने वाले अपने चाचा के पास जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वह चाचा के घर नहीं पहुंची। इसी बीच थोड़ी देर बाद घर लौटी छात्रा की संदिग्ध हालत में अचानक मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही रहने वाले युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही गांव पहुंची पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल की। परिजनों के अलावा ग्रामीणों से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। इतनी ही देर में एएसपी राजीव कुमार सिंह और सीओ अवधभान सिंह भदौरिया भी मौके पर पहुंच गए। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कराए। छात्रा के परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप के बीच पुलिस ने गांव से ही एक युवक को हिरासत में ले लिए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। छात्रा की मौत के बाद में गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती की गई है।



अमरोहा। छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद मौके पर मुस्तैद पुलिस।

# बारात में जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत

## गंगा एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शादी समारोह में भाग लेने जा रहे बाइक सवारों की बाइक गंगा एक्सप्रेसवे के डिवाइडर से टकराने के कारण दो की मौके पर मौत हो गई। एक घायल हो गया। सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शुक्रवार को संभल जनपद के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव उधनपुर निवासी गेंदालाल के पुत्र रूप किशोर की बारात कोतवाली क्षेत्र के गांव श्यामपुरी में आई थी। जिसमें शामिल होने के लिए गांव निवासी सत्यपाल पुत्र ठाकुर, हरि सिंह पुत्र छत्रपाल एवं पप्पू पुत्र प्रेम सिंह बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव रुखालू के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सतपाल पुत्र ठाकुर 24 वर्ष एवं पप्पू पुत्र प्रेम सिंह 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा बाइक सवार हरि सिंह पुत्र छत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण एकत्र हो गये।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छत्रपाल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के दौरान घायल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मृतक सतपाल ने अपने पीछे पत्नी सत्तो व तीन बेटों एवं मृतक पप्पू ने पत्नी सरस्वती और तीन बेटों को रोते बिलखते छोड़ा है। दोनों मृतक हलवाई का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा बताया गया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया तथा घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# पति की दूसरी शादी कराना चाहते ससुराल वाले

## पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज की लिये विवाहित को घर से निकाल दिया गया। ससुराल वाले पति की दूसरी शादी कराना चाहते है। पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नगर के मोहल्ला बड़ा दरबार पीली गली में रहने वाले नसीम की बेटी साजिया की शादी बड़ा दरबार के रहने वाले शाहरुख के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद ही ससुराल वाले साजिया को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से पड़ताड़ित करने लगे। शाजिया दिल्ली के एक नर्सिंग होम में काम करती है। उसने ससुराल वालों को आठ लाख रुपये उधार दिए थे। ससुराल वाले उसके पति शाहरुख की दूसरी शादी करना चाहते हैं। ससुराल वालों के उत्पीड़न से परेशान होकर फिलहाल शादी अपने मायके में पिता के घर रहती है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में नसीम, नगमा, अय्यूब, अली अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मनु एडवोकेट पर फिर सात साल का प्रतिबंध

## देश के किसी भी न्यायालय में नहीं कर सकते प्रैक्टिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मनु शर्मा एडवोकेट देश के किसी भी न्यायालय में सात साल तक वकालत नहीं कर सकेंगे। शिक्षिका से रंगदारी मांगने व परिवार को झूंठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देने में यह कार्रवाई अनुशासन समिति भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा की गई है।

बताते चले कि नगर के मौहल्ला कोट निवासी शिक्षक दम्पति वर्षा गुप्ता व उनके पति अर्पित खंडेलवाल का काफी समय से अधिवक्ता मनु शर्मा से विवाद चला आ रहा है। वर्ष 2023 में शिक्षिका वर्षा गुप्ता की शिकायत पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा मनु शर्मा को कादाचार का दोषी पाये जाने पर भारत के किसी भी न्यायालय में सात साल वकालत पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके खिलाफ वकील ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया में अपील दायर की थी। उन्हें 16 अगस्त को कंडीशनल स्टे दे दिया गया था। मामले की पूरी सुनवाई के बाद सामने आया कि मनु शर्मा वकालत का अनैतिक लाभ उठा रहे है। शिक्षिका द्वारा उनके खिलाफ जो आरोप लगाये गये थे वह भी सही निकले। शिक्षिका द्वारा मनु शर्मा के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। जिसमें पुलिस चार्ज शीट भी दाखिल कर चुकी है। आरोप यह भी है कि अधिवक्ता द्वारा वकालत के पेशे के साथ पत्रकारिता भी की जा रही है। मनु शर्मा द्वारा पीठासीन अधिकारियों पर अपने पक्ष में आदेश करवाने का दवाब भी बनाया गया था। जिस कारण न्यायालय की अवमानता में भी इन्हें सजा हो चुकी है। बताया जताा है कि अधिवक्ता द्वारा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश में भी रिव्यू पिटीशन दाखिल कर रखी है। जबकि बार काउंसिल आफ इंडिया के समक्ष भी अपील की है। दोनो प्रक्रिया एक साथ मेंटेनेबल न होने के कारण उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। अब मनु शर्मा देश के किसी भी न्यायालय में सात साल तक विधिक कार्य नहीं कर सकते।



शिक्षिका से रंगदारी मांगने में कार्रवाई

# निलंबित दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट के आदेश

## मारपीट व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी में फंसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दस हजार रुपये मांगने के मामले में निलंबित चल रहे दरोगा परशुराम की मुश्किल बढ़ती जा रही है। मारपीट व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के आरोप में अब सीजेएम कोर्ट ने शहर कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं सात दिन के भीतर कार्रवाई से जुड़ी रिपोर्ट भी कोर्ट में तलब की है। तत्कालीन वासुदेव चौकी प्रभारी परशुराम का दस हजार रुपये की रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिपोलिया निवासी मुजीबुर्रहमान, उनके भाई मोहम्मद अजीम व मोहम्मद समी के खिलाफ करीब आठ महीने पहले शहर कोतवाली में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हाईकोर्ट ने मुकदमे में स्टे कर दिया था तथा विवेचक को सात दिन के भीतर काउंटर एफीडेविट दाखिल करने का आदेश दिया था। जिम्मेदार पुलिस अफसरों ने मामले में सीए दाखिल करने की जिम्मेदारी वासुदेव चौकी इंचार्ज परशुराम को दे दी थी। घटना इसी साल 19 मार्च की है। दरोगा परशुराम ने बातचीत करने के बहाने आरोपी मुजीबुर्रहमान को चौकी पर बुलाया था। इसके बाद प्रयागराज आने-जाने के अलावा सीए दाखिल करने से जुड़े दूसरे खर्च के बदले में उन्होंने दस हजार रुपये देने का दबाव बनाया था। मुजीबुर्रहमान ने अपने मोबाइल से चुपचाप पैसे मांगने का वीडियो बना लिया था जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। मामला संज्ञान में आने पर एसपी अमित कुमार आनंद ने वासुदेव चौकी इंचार्ज परशुराम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। मुजीबुर्रहमान का आरोप है कि इसके बाद दरोगा परशुराम रंजिश रखने लगे। निलंबित होने की झुंझलाहट में घर पर आकर मारपीट की और साथ में झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की लिहाजा मुजीबुर्रहमान ने कोर्ट की शरण ली। सीजेएम डा.लकी ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए मामले में शहर कोतवाली पुलिस को दरोगा परशुराम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। सात दिन के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट भी कोर्ट में तलब की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने कोर्ट से संबंधित आदेश की कॉपी मिलने की पुष्टि की।

# भारतीय सेना ने दिखाया दम, हम नहीं किसी से कम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर के नेतृत्व में 'एक तिरंगा यात्र भारतीय शौर्य के नाम' का आयोजन किया गया। नगर के शिव इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर यह यात्रा नगर के इंदिरा चौक पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में लहरा रहे भारतीय ध्वज से पूरा वातावरण देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पोस्टर, डीजे पर बजते देशभक्ति के गीत, हर जुबां पर भारत माता के जयकारे गूंजते रहे। सांसद ने कहा कि पहलगाम की घटना से देश के हर व्यक्ति की आंखे नम थीं, लेकिन हमारी सेना के शौर्य, बलिदान और समर्पण ने दिखा दिया है कि हमारा भारत और हमारी भारतीय सेना दुनिया में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियो के ठिकाने को नेस्तानाबूत करके पहलगाम की घटना का बदला लेने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज का नया भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। विधायक ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाव दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश मजबूत होता जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, तेजपाल सिं, महेश प्रधान, रामरतन सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, विचित्र भाटी, सुनील गुप्ता, उत्तम सिंह प्रजापति ,डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, डॉ.राजीव शुक्ला, दीपाली गंगवार, डॉ.दीपक गंगवार, राम सिंह सैनी, अंकुर नागर, विपिन सागर, सत्यपाल पाल,आयुष चौधरी, प्रदीप वर्मा, निहार त्यागी, करन सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी की अगुवाई में इंदिरा चौक पर यात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। नरेश चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम ही कम है। इस मौके पर मुख्य सचिव अरूण सिद्धू, कैलाश गुर्जर, हरपाल, रामवीर सिंह, हिमांशु वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ससुरालियों के उत्पीड़न में फंसी महिला सिपाही

## पति का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बरेली में तैनात महिला कांस्टेबल अंशु चौधरी के खिलाफ न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए है। साथ ही नौगांवा सादात पुलिस से सात दिन के भीतर कार्यवाही रिपोर्ट न्यायालय में तलब की है।

कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट, बरेली में है तैनात

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के रजाकपुर गांव विक्रम सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे कपिल कुमार की शादी 21 अप्रैल 2015 को महिला कांस्टेबल अंशु चौधरी के साथ हुई थी। वर्तमान में कांस्टेबल अंशु चौधरी की तैनाती बरेली जनपद में है। आरोप है कि शादी के बाद से ही अंशु चौधरी मुरादाबाद में रहने की जिद करने लगी। इस पर कपिल कुमार ने मुरादाबाद में प्लॉट खरीदा और जिसका बैनामा कांस्टेबल अंशु चौधरी ने अपने नाम करा लिया। महिला कांस्टेबल के पास दो बेटियां हैं। आरोप है कि मुरादाबाद में मकान तैयार होने के बाद कांस्टेबल अंशु चौधरी का रवैया बदल गया। आरोप है कि उसने पति कपिल कुमार को घर से निकाल दिया। तभी से कपिल गांव में माता-पिता के साथ रहता है। अब कांस्टेबल अंशु चौधरी गांव की संपत्ति को बेचने का दबाव बनाती है। कपिल ने संपत्ति बेचने से इनकार कर दिया तो कांस्टेबल अंशु चौधरी ने देवर के खिलाफ दुष्कर्म और सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। वह पुलिस विभाग में होने का रौब दिखाती है। आरोप है कि पांच दिसंबर 2024 के दोपहर कांस्टेबल अंशु चौधरी ने अपने पति कपिल कुमार के साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। घटना में कपिल कुमार घायल हो गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित कपिल कुमार ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर देकर कांस्टेबल पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, कपिल कुमार ने न्यायालय की शरण ली। इस मामले को गंभीरता से लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. लकी ने नौगांवा सादात पुलिस को कांस्टेबल अंशु चौधरी के घ्खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सात दिन में

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

## जोया से घर लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। घर लौटते समय अनियंत्रित होकर खाई में पलटे ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान गंगासरन सिंह (55) की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल की। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

मृतक गंगासरन सिंह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के सरकड़ी मुंडी गांव के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी निरमेश देवी के अलावा दो बेटे और बेटी हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को गंगासरन सिंह ने जोया में अपना ट्रैक्टर ठीक कराया था। दोपहर में ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहे थे, जैसे ही ट्रैक्टर जलालपुर उमर गांव के पास पहुंचा। तभी, अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। अपने ही ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंगासरन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल गंगासरन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक के परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।



# सैक्स रैकेट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

## परिवार के साथ घर में रहती मिली महिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डायल 112 पर किसी ने सूचना दे दी कि आबादी के बीचोबीच एक घर में बड़े स्तर पर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस ने लोकेशन के मुताबिक घर को चारों तरफ से घेर लिया लेकिन सूचना झूठी निकली वहां कोई भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के चलते मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुल्लाना से जुड़ा है। यहां पर एक व्यक्ति का घर है जिसमें एक महिला परिवार के साथ किराए पर रहती है। गुरुवार रात करीब 12 बजे किसी ने डायल-112 पर कॉल कर दी। बताया कि उक्त व्यक्ति अपने घर में सेक्स रैकेट चलवा रहा है। जहां महिलाओं और युवतियों के साथ बाहरी लोगों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। इन गतिविधियों से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है लिहाजा कंट्रोल रूम से शहर कोतवाली को सूचना से जुड़ा इनपुट दे दिया गया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने लोकेशन के मुताबिक मोहल्ले में पहुंचकर घर को चारों तरफ से घेर लिया। दरवाजा खुलवाने के बाद महिला कांस्टेबल को आगे करते हुए पुलिस घर के भीतर दाखिल हो गई। कमरों की तलाशी के दौरान वहां ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे सेक्स रैकेट चलने की सूचना सही साबित हो पाती। घर में सिर्फ एक महिला परिवार के साथ किराए पर रहती मिली। पूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस वापस लौट गई। वहीं, कार्रवाई से मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा। स्थानीय लोग दबी जुबान में एक-दूसरे से पुलिस की छापेमारी की वजह पूछते रहे। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर घर की तलाशी लेने की बात कही।

## विरोध करने पर सर्राफ को पीटकर किया घायल, दुकान में की तोड़फोड़

# सर्राफ ने लगाया लाखों की लूट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ज्वेलर्स की दुकान पर एक दर्जन से अधिक युवकों ने दुकान में तोड़फोड़ करके सर्राफ के साथ मारपीट उसे घायल कर दिया। सरियों एवं लाठी डंडों से लैस युवकों ने साढ़े 3 लाख के माल को लूट लिया। व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर बाजार बंद करने की चेतावनी दी है। दिनदहाड़े लूट की वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीओ ने पुलिस बल के साथ मौका मुवायना किया है।

शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे पुरानी घास मंडी के समीप स्थित श्री राम बर्तन भंडार एवं मोतीराम कृष्ण वर्मा ज्वैलर्स एंड बैंकर्स नामक दुकान पर भूषण वर्मा बैठे हुए थे। इस दौरान करीब एक दर्जन युवक हाथों में सरिया लाठी डंडे लेकर वहां पहुंच गये। इस दौरान एक ई रिक्शा चालक ने भूषण वर्मा को बताया कि आपके बेटे ने मेरे साथ बदतमीजी की है। उसके बाद युवकों ने दुकान में तोड़फोड़ करते हुए सर्राफ की पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। सर्राफ ने बताया कि आरोपी सोने की चेन पाजेब समेत साढ़े 3 लाख रुपये के माल को लूट कर ले गये हैं। कुछ देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। लेकिन किसी ने भी सर्राफ को पीटने से नहीं बचाया। सर्राफ के साथ मारपीट होने की सूचना मिलते ही मौके पर व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता पहुंच गये। वहां पर व्यापारियों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। मुकेश गुप्ता ने बताया कि एक बिरादरी के लोग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण लगातार व्यापारियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। अब तक वह एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ मारपीट कर चुके हैं। अब इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि व्यापारी के साथ मारपीट करने वालो के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो बाजार भी बंद किया जायेगा। सूचना मिलते सीओ दीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। सीओ ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौका मुवायना किया है। मामले की जांच की जा रही है। घायल सर्राफ को मेडिकल कराने के लिए भेजा गया है।



# नौकर ने की थी बुजुर्ग महिला की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की परंपरा सोसायटी में केमिकल कारोबारी किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी की हत्या करने वाले नौकर सचिन सक्सेना को पुलिस ने ब्रहस्पतिबार को गिरफ्तार कर लिया पुलिस पूछताछ में आरोपी ने लूट के विरोध पर हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपी के पास से लूटे गए जेवर भी बरामद हुए पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। 5 मई की सुबह कारोबारी अपनी पत्नी रेखा बेटे ईशान के साथ बेटी के पास गए थे। घर में मां प्रमोद रस्तोगी की देखभाल के लिएं कोतवाली के चोमूका पुल निवासी नौकर सचिन और सिविल लाइंस की हिमगिरी कालोनी निवासी नौकरानी अनीता को छोड़ गए थे एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के अनुसार 8 मई की दोपहर करीब 2:00 बजे नौकर सचिन प्रमोद रस्तोगी की हत्या कर उनके जेवर लूट कर भाग गया था वहस्पतिवार को पुलिस ने सचिन को दबोच लिया उसने पूछताछ में बताया कि, नौकरानी अनीता उपरी मंजिल पर साफ सफाई कर रही थी कारोबारी की मां नीचे ही अपने कमरे में सो रही थी सचिन को नाशा करने के लिएं पैसों की जरूरत थी उसने प्रमोद रस्तोगी के कंगन उतार ने की कोशिश की उसी दौरान वह जाग गई और विरोध करने लगी अपने बेटे से शिकायत करने की बात कही तो सचिन ने पास में रखी हॉकी उठाकर उनके सिर में मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। कारोबारी ने हत्या के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी जांच के आधार पर सचिन का नाम खुलकर सामने आया पुलिस ने सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया



## पंडित मदन मोहन व्यास की स्मृति में सम्मान समारोह 23 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्यकार एवं संगीतज्ञ पंडित मदन मोहन व्यास की पुण्यतिथि पर साहित्यिक की ओर से 23 मई को उनकी स्मृति में सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम लाजपत नगर स्थित श्री रामलीला मैदान के सभागार में सायं साढ़े चार बजे होगा।

साहित्यिक के संस्थापक संयोजक डॉ मनोज रस्तोगी ने बताया कि आयोजन में स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा होगी। उनके गीतों का सस्वर पाठ होगा। इस अवसर पर साहित्यकार राम अवतार रस्तोगी शरणागत को पंडित मदन मोहन व्यास स्मृति सम्मान से सम्मानित तथा उनकी पुस्तक श्री हरि वंदना का लोकापर्ण भी किया जायेगा।

कार्यक्रम के सह संयोजक मनोज तथा मुकुल व्यास होंगे।

### एक नजर

## टीएमयू के प्रो. राजुल की झोली में इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन अवार्ड

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन अवाड्र्स 2025 के तहत एक्सीलेंस



इन हेल्थकेयर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट अवार्ड से नवाजा गया। प्रो. रस्तोगी समेत आधा दर्जन हेल्थकेयर लीडर्स के संग-संग करीब दो दर्जन स्वास्थ्य सेवा संगठनों को भी विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड से नवाजा गया है। इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन समिट के 15वें इलेट्स हेल्थकेयर इनोवेशन अवाड्र्स 2025 में एक्सोनिक हैल्थ प्रा. लि. के को-फाउंडर एंड चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर, कंसल्टेंट सर्जन प्रो. अभय चोपड़ा ने प्रो. रस्तोगी को सर्टिफिकेट और ट्राफी देकर सम्मानित किया। ईहेल्थ मैगजीन के सहयोग से इलेट्स टेक्नोमीडिया की ओर से मुंबई के कोर्टयार्ड बाय मैरियट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आयोजित समिट की थीम एआई-त्वरित हेल्थकेयर के अगले युग को आकार देना रही। समिट का उद्देश्य हेल्थकेयर के बेहतरीन दूरदर्शी, परिवर्तनकर्ता और इन्नोवेटर्स को एक मंच पर लाना था। समिट में अस्पताल और फार्मा में रणनीतिक एआई निवेश, भारत की स्वास्थ्य सेवा साइबर सुरक्षा क्रांति, एआई-संचालित आपूर्ति श्रृंखला और रोगी अनुभव के लिए एआई और बुद्धिमान निदान सरीखे ज्वलंत विषयों पर पैनल डिसक्शन भी हुआ।

## सूरज ढलते ही मूंढापांडे क्षेत्र में शुरू हो जाता है अवैध खनन का खेल

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा तेजी से पनप रहा है। जैसे ही दिन का सूरज ढलता है, वैसे ही क्षेत्र के कई गांवों में जेसीबी मशीनों और डंपरों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगती है। यह सिलसिला रात भर चलता है, और सुबह होते-होते खनन माफिया मौके से गायब हो जाते हैं।सूत्रों के अनुसार, मूंढापांडे क्षेत्र के दर्जनभर गांव सहित



अन्य स्थानों पर रात के अंधेरे में खुलेआम मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। यह सब प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई न के बराबर दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन से जहां एक ओर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव की सड़कों की हालत भी खराब हो गई है। भारी वाहनों की आवाजाही से धूल और गड्ढों ने ग्रामीणों की परेशानी बढा दी है।

## लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा दो घायल



**मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे गत्ता फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार 18 टायर टेलर ने मारी टेंपो में टक्कर टक्कर लगने के बाद साइड में एक साइकिल सवार भी चपेट में आ गया राहगीरों की मदद से टेंपो चालक व साइकिल सवार को गंभीर हालत में बाहर निकला गया मौके पर पहुंची पुलिस ने टेलर में भारी प्लाई बोर्ड को राहांगीरों की मदद से हटवाया और देखा कि इसके नीचे कोई भी दवा नहीं है तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली टोल कर्मी ने बताया कि तेज रफ्तार टेलर ने टेंपो ब साइकिल में टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार टेंपो चालक बुरी तरह से घायल हो गए दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएससी मूंढापांडे भिजवा दिया गया है यह हादसा सुबह 8:30 बजे हुआ था पुलिस और टोल कर्मियों की मदद से एक साइड में लगे जाम को भी खुलवा दिया गया है।

## सीबीएसई बोर्ड से 96 प्रतिशत अंक लाने पर आफिया परवेज को किया सम्मानित



**कांठ।** नगर निवासी हाजी परवेज की पुत्री आफिया परवेज ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देकर 96 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

छात्रा की इस उपलब्धि पर ठेकेदार जुल्फिकार उनके घर पहुंचे और आफिया परवेज को सम्मानित किया। उन्होंने बच्ची को अच्छी तालीम दिलाने वाले उनके माता-पिता को भी शुभकामनाएं दी और उनसे इसी तरह से अच्छे अंक लाकर देश का नाम रोशन किए जाने का आह्वान किया

## टीएमयू आईकेएस की निबंध प्रतियोगिता में टिमिट की स्टुडेंट सौम्या सक्सेना अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की छात्रा सौम्या सक्सेना विजेता रही। सौम्या ने धर्म, स्ट्रेटजी एंड सक्सेन इन एंसिएंट इंडियन पर अपना निबंध लिखा था। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विजेता छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की श्रुति जैन ने एंसिएंट इंडियन लैंग्वेजेज पर निबंध लिखकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित ने छात्रा श्रुति के उज्जवल भविष्य की कामना की। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की अदिति राजपूत को म्यूजिक एंड डांस इन एंसिएंट लिट्रेचर और टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के अभिषेक चौहान को मैनेजमेंट एंड गवर्नेंस इन एंसिएंट इंडियन लिट्रेचर: द लीगेसी ऑफ चन्द्रगुप्त मौर्य एंड चाणक्य के लिए संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहे। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने विजेताओं को हार्दिक बधाई दी है। इन विजेताओं को टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने ट्राफी और सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया। पूरी यूनिवर्सिटी से प्रतियोगिता में लगभग 100 निबंध प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के मूल्यांकन मंडल में डॉ. अलका अग्रवाल के संग-संग डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह आदि शामिल रहे। संचालन टीएमयू के भारतीय ज्ञान



परम्परा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने किया।

## टिमिट में आयोजित अतिथि व्याख्यान: 'स्नातक के बाद करियर की राहें' पर प्रेरणादायक सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का




आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय था ''स्नातक के बाद करियर की राहें'' और इसे संबोधित किया। द प्रेप बार्ड के निदेशक श्री राजकुमार गुप्ता ने।श्री गुप्ता ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को न केवल विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में करियर चुनने की रणनीतियों और कौशल विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया कि आज की प्रतिस्पर्धा में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, निरंतर सीखने की इच्छा, और व्यावसायिक दक्षता ही उन्हें भविष्य में सफलता दिला सकती है।कार्यक्रम के अंत में टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने मुख्य अतिथि श्री राजकुमार गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके सारगर्भित मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ''श्री गुप्ता के विचारों ने हमारे विद्यार्थियों को न केवल करियर की दिशा में नया दृष्टिकोण दिया है, बल्कि उन्हें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया है। इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के जीवन में मील का पत्थर साबित होते हैं। मैं श्री गुप्ता का हृदय से धन्यवाद करता हूँ और हमारे सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल और गौरवपूर्ण भविष्य की कामना करता हूँ।

हमारा संस्थान सदैव विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।''कार्यक्रम में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी हुआ।

## प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में दसबा राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया।



जिसका उद्देश्य मानसून से पूर्व रोग नियंत्रण गतिविधियों को बढ़ावा देना था जिससे डैंगू रोग नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कर डैंगू रोग को नियंत्रित किया जा सके एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ जागरूकता भी सुनिश्चित की जा सके । इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए डैंगू दिवस को विद्यालय में मनाया गया और बच्चों को डैंगू रोग के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक और उत्तर उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस पास स्वच्छता रखें ,पानी ढककर रखें ,बरसात का पानी इकट्ठा नहीं होने दे ,मच्छरदानी का प्रयोग करें और डैंगू नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायें इस अवसर पर सुर्यलता ,पारुल मेहरोत्रा ,अनीता बचन ,पूजा कुमारी ,ममता रानी उपस्थित रहीं।

## प्रभारी मंत्री के सामने रखा बिजली और ओवर ब्रिज का मुद्दा

**कांठ।** कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री अनिल कुमार



का मुरादाबाद आगमन हुआ। जिनका राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव अमन ढिल्लो ने स्वागत किया। मंत्री द्वारा अधिकारियों के साथ सरकारी कार्यों की समीक्षा के उपरांत अमन ढिल्लो ने क्षेत्र की लचर विद्युत व्यवस्था के बारे में बताया और लोगो की मांग के अनुरूप सलेमपुर बिजलीघर के कुछ गांवों को भीकनपुर से जोड़ने की मांग रखी। उन्होंने कांठ में रेलवे फाटक पर हो रही लोगों की परेशानियों को देखते हुए यहां ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग भी अनिल कुमार से रखी उन्होंने इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर पूरा कराने का भरोसा भी दिलाया।

## एबीसी किड्स मांटेसरी में हुआ राज्य मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मांटेसरी में दो दिवसीय अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान राज्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न भारतीय राज्यों की समृद्ध विरासत, नृत्य, भोजन स्मारक कलाकृति और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया गया। संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि भारत की संस्कृति एक अत्यंत विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जिसमें सामाजिक मानदंडों, नैतिक मूल्यों, पारंपरिक परंपराओं, विश्वास प्रणालियों, राजनीतिक प्रणालियों, कलाकृतियों और प्रौद्योगिकियों का समावेश है। भारत की संस्कृति में भाषाएं, धर्म, नृत्य, संगीत, वास्तुकला, भोजन और रीति-रिवाज देश भर में अलग-अलग होते हैं लेकिन इनमें एक मजबूत एकता भी देखी जा सकती है। भारत विभिन्न संस्कृति, नस्ल, भाषा और धर्म का देश है। ये "विविधता में एकता" की भूमि है जहाँ अलग-अलग जीवन-शैली और तरीकों के लोग एकसाथ रहते हैं वो अलग आस्था,



धर्म और विश्वास से संबंध रखते हैं। इन भिन्नताओं के बावजूद भी वो भाईचारे और मानवता के संबंध के साथ रहते हैं जिसमें हमारी एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल ने राज्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें सभी राज्यों कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व पंजाब आदि को उनके संस्कृति के हिसाब से भोजन, स्मारक नृत्य, कलाकृतियों आदि से सजाया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ मृदुला भट्ट व उषा पेंसिया द्वारा फीता काटकर किया गया और उन्हें सभी राज्यों की संस्कृति संस्कार नृत्य कलाकृतियों स्मारक भोजन के बारे में बच्चो द्वारा विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा स्कूल और बच्चो की मेहनत की खूब सराहना हुई। अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान सभी अभिभावकों के द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में नेहा, प्रिया, शालू, काजल, सिल्की, दीपिका, ज्योति, दीपा, निशा, सोनल, सरिता, रूपाली, संतोष, याशी, पारुल, दीपा, दीपिका, वंशिका, शिल्पा, नीरज, मंतशा, सोनाली, हुमा, लक्षिता, दिया, अर्शी, रक्षा आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

## बिजली की चाल-सुस्त रात काटनी हुई मुश्किल

**कांठ।** गर्मी क्या बढी बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है बिजली की आंख मिचौनी से नगर के लोग परेशान है।

बच्चों का भीषण गर्मी के चलते बुरा हाल है और लोगों को रात काटनी मुश्किल हो रही है। बतादें कि सरकार ने निर्विघ्न रूप से बिजली मुहैया कराए जाने का आदेश विभाग को दिया था जिसमें ट्रांसफार्मर फुंकने पर इसकी जिम्मेदारी भी जेई पर डाली गई गर्मी के दिनों में बिजली सुचारू रूप से मिले इसके लिए बिजली विभाग ने पेड़ों की छटाइ आदि करके व्यवस्था को सुदृढ़ किया लेकिन दो दिन पहले गर्मी ने रफ्तार पकड़ी तो बिजली की रफ्तार सुस्त हो गई। गुरुवार को दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा और रात को करीब 2:00 बजे लोगों को बिजली मिल पाई जिससे बच्चे बूढ़े और जवानों का घर में रहना मुश्किल हो गया लोगों का कहना था कि वह समय पर बिल भरते हैं तो उन्हें समय से ही बिजली भी मिलनी चाहिए नगर वासियों ने सुचारू रूप से बिजली दिलाए जाने की मांग की है।

### छत से गिरने से चार साल की बच्ची की मौत

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जयतौली रहने वाले आरिफ हुसैन की 4 वर्षीय पुत्री की छत पर खेलते समय नीचे गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर व आस पड़ोस के बच्चे आरिफ हुसैन की छत पर खेल रहे थे। आफिया भी छोटे बच्चों को देखकर छत पर जाकर उनके साथ खेलने लगी खेलते - खेलते आफिया अचानक से छत से नीचे गिर गई। जिससे बच्ची के सिर में गहरी चोट आई। परिजन आरिफा की चीख की आवाज सुनकर उसकी तरफ दौड़े और आनन फानन बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने मासूम आरिफा को मृत घोषित कर दिया, परिजन में चीखपुकार मच गई ।आरिफा की मौत की सूचना पर रिश्तेदार भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

## पत्रकार के बलिद का बीमारी के चलते हुआ इंतकाल

**सैफनी/रामपुर।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान खान के बलिद मोहतरम जनाब बब्बन खान साहब का बीमारी के दौरान इंतकाल हो गया। बताते चले बब्बन खान साहब नगर के पूर्व डाक कर्मी भी रहे हैं। और एलआईसी के क्लब मेंबर भी रहे है। जिसके कारण नगर व क्षेत्र के लोगों में दूर दूर तक उनकी पहचान रही हैं।

परिजनों ने बताया कि खान साहब लगभग 6 महा से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज देहली के एम्स हॉस्पिटल में चल रहा था। उनके पुत्र मोहम्मद फुरकान खान ने बताया कि दो दिन पहले उनकी पैर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी कामयाब रही गुरुवार को अचानक तबियत बिगड़ने के दौरान उनका इंतकाल हो गया। जैसे ही उनके इंतकाल की खबर नगरवासियों को मिली खान साहब के घर पर लोगों का तांता लग गया देर रात उनका पार्थिक शरीर एंबुलेंस द्वारा उनके निवास पर पहुंचा। लोगों द्वारा खान साहब का दीदार करने की लाइन लगी रही। शुक्रवार को नगर के पुरानी ईदगाह पर लगभग 10 बजे खान साहब को सुपुर्द खाक किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवसाद के चलते युवक ने की आत्महत्या

■ कुएं के पास पेड़ पर लटका मिला शव



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भमोरा क्षेत्र के गांव कटका भरत में बृहस्पतिवार को दिन में कुएं के पास एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस इसे अवसाद के कारण आत्महत्या मान रही है।

थाना क्षेत्र के गांव कटका भरत निवासी 27 वर्षीय मनोज कुमार बुधवार दोपहर बाइक से कहीं गया था। रात तक फोन न उठने पर घर वालों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस व परिजन देर रात तक युवक की खोज करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ से फंदे पर लटकते हुए युवक के शव को देखा और परि. जनों को इसकी सूचना दी। मौके पर परिजनों के साथ पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर जांच-पड़ताल की।

पिता केवल राम ने बताया कि मनोज दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। सात दिन पूर्व गांव आया था। बल्लिया में एक सर्राफ के पास बहन और पुत्रवधू के रखे जेवर छुड़ाकर लाया था। पत्नी अपने पुत्र के साथ मायके हडोलिया भोलापुर में थी। उसके बाद बेटे ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। क्षेत्राधिकारी आंवला नितिन कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या अवसाद के कारण युवक की आत्महत्या की बात प्रतीत हो रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इसी स्थल पर तीसरी मौत से ग्रामीण हैरान

गांव के बाहर बने कुएं के आसपास कई पेड़ हैं। दो साल पहले गांव के एक व्यक्ति ने इसी पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। कोरोना काल में विछुरैया के एक ग्रामीण ने इसी पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ग्रामीण इस घटना के बाद हैरान हैं। तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

## एक नजर

### होमगार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़ ।** थाना शीशगढ़ में ड्यूटी करने बाले होमगार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई।होमगार्ड की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मृतक होमगार्ड यशपाल (45)वर्ष निवासी ढकिया डांम जो शीशगढ़ थाने में ड्यूटी करते थे। गुरुवार को भी वह ड्यूटी करके घर पहुंचे थे। कि गुरुवार की रात्रि अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। जिन्हें परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही मृत्यु हो गई। मृतक यशपाल अपने पीछे पत्नी प्रेमवती,बेटा राहुल,वेटी स्वाति,रमन,तीन बच्चे और पत्नी को रोता विलखता छोड़ गए। सूचना पर पहुंचे होमगार्ड के विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक होमगार्ड यशपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि होमगार्ड की मौत की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### फलक फहीम ने 10वीं में हासिल किए 96 प्रतिशत अंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** धौरा टांडा निवासी फहीमुल इस्लाम और हिना निकहत की पुत्री फलक फहीम ने सीबीएसई से 10वीं की हाईस्कूल की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रौशन किया है। फलक फहीम एसआर इंटरनेशनल स्कूल बरेली में पढ़ती है, और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको गर्व है। फलक फहीम बहेड़ी के समाजसेवी मो. हसिन वेस्टन की नवासी हैं, और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मोहसिन वेस्टन के घर पर लोगों का आना-जाना जारी है, और सभी फलक फहीम की इस उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं। फलक फहीम की इस उपलब्धि पर बधाईयों का सिलसिला जारी है, और लोग उनकी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। फलक फहीम की इस उपलब्धि से उनके परिवार और समाज में खुशी की लहर है, और सभी उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।



### इरजम बेग ने रचा इतिहास, 10वीं में हासिल किए 97 प्रतिशत अंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** जीआरएम स्कूल में पढ़ने वाली इरजम बेग ने सीबीएसई से 10वीं की हाईस्कूल परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रौशन किया है। इरजम बेग मीरगंज से रहे पूर्व विधायक सुल्तान बेग की पोती और पंडेरा के प्रधान जैनुल बेग की पुत्री हैं।



इरजम बेग की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक सुल्तान बेग ने उन्हें बधाई देकर उनका उत्साह बढ़ाया है। इरजम बेग डॉक्टर बनना चाहती हैं, और उनकी इस उपलब्धि से परिवार और समाज में खुशी की लहर है। इरजम बेग को तमाम लोगों ने मुबारकबाद दी है, और पूर्व विधायक सुल्तान बेग के घर पर बधाई देने वालों की भीड़ लग रही है। सभी इरजम बेग की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

### रेखा रानी बनीं लावाखेड़ा की नई कोटेदार

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव लावाखेड़ा बद्दी प्रसाद में राशन विक्रेता के हुए चुनाव में ग्राम की रेखा रानी ने 64 मतों से अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कृष्णा कुमारी को हराकर कोटेदार का चुनाव जीत लिया।

ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में हुई खुली बैठक में ग्राम के अधिकांश कार्ड धारकों ने भाग लिया। चुनाव में तीन दावेदार रेखा रानी पत्नी देवेंद्र सिंह, कृष्णा कुमारी पत्नी पुष्प पाल और ज्योति पत्नी राकेश सामने आई। चुनाव अधिकारियों ने ग्राम के का र्डधारकों के हाय उठवाए, जिसमें रेखा रानी के पक्ष में 313, कृष्णा कुमारी के पक्ष में 249 और ज्योति के पक्ष में 106 हाथ उठे। सर्वाधिक हाथ रेखा रानी के पक्ष में उठने पर चुनाव अधिकारियों ने उन्हें ग्राम का नया कोटेदार घोषित कर दिया। ग्राम के कोटेदार रहे जगदीश सिंह के खिलाफ कार्ड धारकों की शिकायत पर उनकी राशन की दुकान को तीन माह पहले निरस्त कर दिया गया था। वर्तमान समय में दुकान मुड़िया तेली के कोटेदार की दुकान से सबद्ध चल रही है। नए कोटेदार के चयन के लिए यह दूसरी खुली बैठक आहूत की गई थी, 5 मई को हुई पहली बैठक किसी कारण से स्थगित कर दी गई थी। बैठक में ग्राम प्रधान विजय कुमार के साथ ही ब्लॉक कर्मी संजय वर्मा, रोहिताश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### चार आपत्तियां हुई दाखिल, आज होगा निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी के 30 मई को होने वाले चुनाव को लेकर शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रकाशन पर मात्र चार आपत्तियां दाखिल की गईं, जिनका आज 17 मई को निस्तारण किया जाएगा।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी द्वारा दी गई जानकारी के मुता. बिक दो आपत्तियां लाल बहादुर और प्रेम शंकर के नाम मतदाता सूची में शामिल न किए जाने पर दाखिल की गईं, जबकि एक सुरेश पटेल द्वारा अशोक गंगवार को बार कौंसिल द्वारा डीवायर किए जाने और एक युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार द्वारा बाहरी मतदाताओं को शामिल किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई हैं, सभी आपत्तियों का आज 17 मई को निस्तारण किया जाएगा।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## लापता युवक का नहर के पास मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव से बिना बताए घर से लापता हुए युवक का शव नहर के पास मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली देव. रनियां के गांव शरीफनगर निवासी रामौतार उर्फ नरेश कुमार पुत्र पातीराम (21) वर्ष 13 मई को साइकिल से घर से बिना बताए चला गया था। जब वह देर शाम तक वापस नहीं आया तो उसके परिजन उसकी तलाश में जुटे, और जब वह नहीं मिला तो 15 मई को दोपहर में कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई, और 15 मई की देर रात रिछा-जहानाबाद रोड से गुजर रही शारदा नहर के पास उसका शव पड़ा मिला। सूचना पर उसके परिजनों के अलावा पुलिस भी मौके पर पहुंची। तमाम प्रयासों के बावजूद भी अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों ने भी किसी घ्पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा का कहना है कि जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इन्तजार किया जा रहा है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# पाकिस्तान से संबंधित कोई पोस्ट न करें नौजवान: दरगाह प्रमुख

## आपने मुल्क से मुहब्बत व वफादारी हमारी मजहबी व संवैधानिक जिम्मेदारानी: मुफ्ती सलीम नूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** देश में इस समय जो हालात हैं उन्हें लेकर मरकजे अहल-ए-सुन्नत दरगाह आला हजरत स्थित जामिआ रजविया मंजरे इस्लाम के उलमा और मुफ्ती ए इकराम की एक खुसूसी बैठक हुई। इस संबंध में दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि मदरसा मंजरे इस्लाम के उलेमा ने बैठक के बाद अपने संयुक्त ब्यान में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन हजरत मुफ्ती अहसन मियां के पैगाम के हवाले से बताया कि पिछले कुछ समय से भारत व पाकिस्तान के बीच जंग के हालात हैं, जो आम हालात से भिन्न होते हैं। जंग के माहौल में बहुत कुछ बदल जाता है। जिस मुल्क के आप नागरिक हैं अगर उस मुल्क पर किसी दूसरे देश ने हमला किया है, या उस से जंग के हालात बन जाएं तो इन तमाम हालात में वह मुल्क दुश्मन देश की श्रेणी में आता है, और ऐसे समय में उस दुश्मन देश की हिमायत करना, उस की तारीफ करना, उसकी बातों और



उसके पैगाम का आदान-प्रदान करना, या एक दूसरे को भेजना, यह सब जंगी जुर्म के दायरे में आता है, जिससे संबन्धित कानून की बहुत सी संगीन धाराएं हैं कि जिनके तहत ऐसे शख्स के खिलाफ मुकदमे दर्ज होते हैं। ये लोग खुद तो कानूनी जाल में फंसते ही हैं, साथ ही अपने परिवार वालों के लिए मुश्किल खड़ी करते हैं। इसलिए हमारी मुस्लिम नौजवानों से अपील है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल इस समय बहुत खतरनाक है, और अपने आप को हलाकत व परेशानी में डालना है। इस वक्त सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर करने से परहेज करें, या फिर कोई चीज शेयर भी करें तो खूब अच्छी तरह देख लें कि उस में कोई गैर कानूनी बात तो नहीं, या देश के दुश्मन मुल्क की उसमें हिमायत या तारीफ तो नहीं।

मुफ्ती मोहम्मद सलीम बरेलवी ने कहा कि मुल्क से मुहब्बत व वफादारी हमारी मजहबी और संवैधानिक जिम्मेदारी है। इस समय वैसे भी मजहब, शरीयत, इस्लामी पोस्ट और ईमानी बातों के नाम पर बहुत सारे पाकिस्तानी मौलवी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से गुमराही और फितने फैला रहे हैं।

यह लोग कभी हमारे मुकददस सहाबा के ताल्लुक से अवाम के जहन में बदगुमानियां पैदा करते हैं, तो कभी अहले बैत,अल्लाह के वलियों, सुफियाए किराम और दरगाहों की शान में गुस्ताखियां करते हैं। इसी तरह बहुत सारे आजाद ख्याल पाकिस्तानी मौलवी हमारे मुस्लिम नौजवानों को ऐसी रस्मों और एसी आदतों का आदी बना रहे हैं कि जो आला हजरत, हुज्जातुल इस्लाम, मुफ्ती ए आजमे हिन्द, जीलानी मियां, रेहाने मिल्लत, ताजुश्शरीआ और हमारे दीगर बुजुर्गों के फतवे के खिलाफ हैं। इसलिए हमारी अपने भारतीय मुस्लिम नौजवानों से अपील है कि इस तरह के पाकिस्तानी मौलवियों की पोस्टों, वीडियो, आडियो और लेखों इस्लामी सामग्री से धोखा न खाएं, और हरगिज-हरगिज इस तरह के इन पाकिस्तानी मौलवियों की पोस्ट को न खुद पढ़ें, और न ही दूसरे लोगों को शेयर करें। क्योंकि यह मजहब व मसलक के भी खिलाफ है और देश व संविधान के भी विरुद्ध है।

मुफ्ती जमील खान ने कहा कि बहुत सारे नौजवान कम पढ़े लिखे या अनपढ़ होने की वजह से यह समझ ही नहीं पाते कि जो पोस्ट उन तक आई है, वह मसलक के खिलाफ है, या देश व संविधान के विरुद्ध है। बस वह उसका इस्लामी नाम या मजहबी थरमिनल देखकर धोका खा जाते हैं, और इनहें अंजाने में शेयर कर देते हैं। मौलाना अख्तर ने कहा कि इस वक्त सोशल मीडिया का इस्तेमाल नासमझ नौजवानों के लिए ऐसा ही है, जैसे किसी छोटे बच्चे के हाथ में पिस्तौल या खतरनाक हथियार दे देना कि वह बच्चा उस हथियार से या तो अपने को नुकसान पहुंचा देगा या किसी दूसरे को। बैठक में मुफ्ती मोहम्मद मोईन, मुफ्ती मुजीब आलम, मौलाना कलीमुरहमान आदि लोग मौजूद रहे।

# कस्बे में निकली विशाल तिरंगा यात्रा



■ भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता को लेकर शुक्रवार को कस्बे में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा नगर के श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज से शुरू हुई, जो नगर के मुख्य मार्ग, कचेहरी रोड, बाईपास पटेल चौराहे से होकर सीओ कार्यालय जाकर इसका समापन हुआ। इस विशाल तिरंगा यात्रा में भाजपा के विधायकों के साथ ही कई बड़े नेता शामिल हुए।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को कस्बे के श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज से यात्रा शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुए कचेहरी मार्ग से पटेल चौक पहुंची, औरसी ओ कार्यालय जाकर यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा के शुभारंभ से पहले विद्यालय में हुई विशाल जनसभा में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, विधान परिषद सदस्य पूर्व मंत्री वहोरन लाल मौर्य, जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, रवि शंकर गंगवार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, पूरन लाल लोधी, रवींद्र सिंह राठौर, राजकुमार शर्मा, शिव मंगल सिंह शाहू आदि ने भारतीय सेना के अदम्य साहस की जमकर तारीफ करते हुए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के लिए बधाई दी।

इस यात्रा में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र विक्रम सिंह, अर्बन बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रति. निधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, विशाल गंगवार, रमेश गंगवार, नत्थू लाल आर्य, नन्द किशोर श्रीवास्तव, हाजी माजिद हुसैन जैदी, मो० अनीस मंसूरी, मनोज शर्मा, रामप्रकाश गंग. वार, मनोज दिवाकर, देवपाल पटेल, विनोद गुप्ता, नीतीश उपाध्याय, संतोष गुप्ता, शशि कपूर, विमला शुक्ला, टी आर गंगवार सहित भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। यात्रा में शामिल लोग भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# बुजिया शाह बाबा की कुल की रस्म हुई अदा



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** शुक्रवार को आलम ए इस्लाम के सुन्नी सही उल अकीदा मोमेनीन ने उर्स ए मुकद्दस लश्कर ए हुजूर खघ्वाजा गरीब नवाज हुजूर सरकार ए बुजिया शाह पीर बाबा (रहमतुल्लाह अलैहि) की कुल की रस्म अदा की गई।

हर साल की तरह इस साल भी मुकद्दस लश्कर ए हुजूर ख्वाजा गरीब नवाज हुजूर सरकार ए बुजिया शाह बाबा रहतुल्लाह अलैह का उर्स बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया उर्स में दूर दराज के अकीदतमंद आए और उर्स में शमिल हुए उर्स की शुरुआत सोमवार को कुरान खानी के साथ हुई और शाम को मिलाद उल नबी का जिक्र किया गया उसके बाद शुक्रवार को दोपहर बाद दो बजकर 38 मिनट पर कुल की रस्म की अदायगी की गई। उर्स में रसुला चौधरी, माधोपुर माफी, रुकुमपुर, इस्लामनगर, फतेहगंज पश्चिमी सहित क्षेत्र के लोग भारी भीड़ की संख्या में उर्स में शमिल हुए। सुरक्षा के मद्देनजर थाना क्षेत्र की पुलिस मौजूद रही।

# सरकार कर्मचारियों के हित में उठा रही है ठोस कदम: वर्मा

## सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को पीपीई किट, आयुष्मान कार्ड एवं सिलाई मशीन का किया गया वितरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** केन्द्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बीएल वर्मा ने शुक्रवार को नमस्ते (मशीनकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्यवाही) योजना के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्लू) को पीपीई किट, आयुष्मान कार्ड एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का जीआईसी ऑडिटोरियम निकट इस्लामिया इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर मंत्री बीएल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय की भावना को साकार करते हुए यह सोचा कि कोई भी देश का नागरिक भूखा न रहे, इसलिए प्रत्येक जरूरतमंदों के लिए 5 किलो निशुल्क राशन वितरण की व्यवस्था की। सफाई मित्रों को उनके परिवारिजनों के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं चलायीं, जिनसे सफाई मित्र ऋण प्राप्त कर अपने कार्य क्षेत्र की मशीनें आदि क्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर, पार्क, आस-पास की सफाई के साथ ही कार्यालयों में लंबित कार्यों को भी समाप्त करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 73768 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को चिन्हित किया गया है, 45878 कर्मियों को पीपीई किट वितरित की जा चुकी हैं, पांच लाख तक के निशुल्क इलाज हेतु 27 हजार से ज्यादा कर्मियों को आयुष्मान कार्ड वितरण व कर्मियों को सुरक्षा उपकरण किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार सफाई मित्रों के कार्य का सम्मान करती है, सफाई का कार्य मुख्यत: मशीनों से हो, और यदि सफाई मित्र कार्य करते हैं तो पूरी सुरक्षा और सतर्कता के साथ कार्य करें, यह सरकार की प्राथमिकता है। सफाई मित्रों और उनके परिवार की सुरक्षा दिशा में काम किया जा रहा है।



वर्तमान में मशीनों के माध्यम से सीवर में उतरने से पहले ही पता लगाया जा सकता है कि सीवर में कैसी गैस निकल रही है, जिससे दुर्घटना की सम्भावना कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जो पीपीई किट उपलब्ध करायी जा रही है, समस्त कर्मी अपने कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से पहन कर रखें, यह आपकी सुरक्षा के लिए है।

इस अवसर पर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि सफाई मित्र धूप, वर्षा, ठंड व महामारियों के समय में भी अपना कार्य करते हैं, और हमारे जीवन को सहज बनाते हैं। सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु उन्हें चिन्हित करते हुए पीपीई किट प्रदान की जा रही हैं, और पांच दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सीवर में से विभिन्न जहरीली गैस होती है, जिनसे सफाई कर्मियों की मृत्यु हो जाती है। सफाई मित्रों को स्वच्छता उद्यमी बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

नमस्ते योजना के अन्तर्गत नगर निगम बरेली के सुनील कुमार, तिलक चन्दन, शिवा, विकास, धीरज बाबू, सुरेश, परशुराम, कुनाल, रामगा. पाल, धीरेन्द्र, जगदीश, मोहम्मद अब्दुल्ला, सोनू, आकाश, रोहित, नगर पालिका परिषद फरीदपुर के सागर, नगर पालिका परिषद बहेड़ी के प्रमोद कुमार, नगर पालिका परिषद मीरगंज के राजीव कुमार, नगर पंचायत मोहनपुर ठिरिया के सुनील कुमार, नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी के सतीश कुमार, नगर पंचायत रिछा के किशन लाल, नगर पंचायत धौरा टांडा के वीरपाल, नगर पंचायत सिरौली के राम किशन, नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के सुनील कुमार एवं नगर पंचायत बिशारतगंज के आकाश को पीपीई किट वितरण किया गया।

इस अवसर पर बरेली जनपद के अजय कुमार, अकबर हुसैन, अनुज कुमार शर्मा, गौरव, गोविन्द कुमार, ईश्वरी प्रसाद, मनोज कुमार, मो0 सैफी, प्रदीप यादव, राहुल कुमार, राजपाल सिंह, राजू भारती को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। जनपद शाहजहांपुर की सपना, आरती, शिवानी देवी, मिथलेश, ज्योति, शिवानी, बबली, संध्या, स्वाती, विशारवा को सिलाई मशीन वितरण किया गया। जनपद पीलीभीत के मोहित, सुमित, जतिन, आकाश बाबू, विजेन्द्र कुमार, मुकीम, श्याम कुमार, अमन कुमार, शेखर, शिवा, नीतिन, संतोष, राजेश, शिवम को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम क्षेत्र कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य,, जनपद पीलीभीत के बरखेड़ा क्षेत्र के विधायक प्रवक्तानन्द, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, भाजपा जिलाध्यक्ष पीलीभीत संजीव प्रताप सिंह, कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक प्रभात कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवती को भगा ले जाने वाले प्रेमी की कोतवाली में हालत बिगड़ी, मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** अपने प्रेमी के साथ गई युवती को पुलिस बरामद कर शुक्रवार को थाने लेकर आई थी, बरामद युवती से पुलिस उसके बयान दर्ज कर ही रही थी, कि सूचना मिलने पर उसका प्रेमी भी खुद थाने आ धमका। पुलिस प्रेमी से कुछ मालूमात करती कि थाने में कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते ही कोतवाली में हड़कंप मच गया, आनन-फानन में कोतवाल राहुल सिंह उसे जीप से सीएचसी लेकर पहुंचे, और उसे भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक युवती एक अप्रैल को अचानक अपने घर से कहीं चली गई थी, युवती की मां ने मिलक पिछौड़ा गांव के दो लोगों पर उसका अपहरण करने की आशंका जताते हुए उन दोनों के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि धौरेरा गांव का एक युवक उसे भगा ले गया है। शुक्रवार को पुलिस युवती को बरामद कर थाने ले आई। उसके थाने पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसका प्रेमी भी थाने पहुंच गया। थाने पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में पुलिस उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर दौड़ी। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# शराबी पति की हैवानियत

## पत्नी को बेरहमी से पीटा, छत से उल्टा लटकाया

■ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आंवला में एक शराबी युवक ने हैवानियत की हद पार कर दी। उसने अपनी पत्नी को पहले बेरहमी से पीटा, फिर छत से उल्टा लटका दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच आरोपी ने पत्नी को छोड़ दिया। गनीमत रही कि लोगों ने समय रहते महिला को पकड़ लिया। हालांकि पिटाई से महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित महिला के भाई ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी घर से फरार हो गया है।

बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के निवासी रघुनाथ सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उन्होंने 12 साल पहले अपनी बहन डोली की शादी आंवला के लठैता मोहल्ला निवासी नितिन सिंह के साथ की थी। बताया कि नितिन शराब पीने का आदी है। रोजाना शराब पीकर घर आता है। डोली से मारपीट करता है। मायके वालों ने उसे कई बार समझाया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।



रघुनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि 13 मई की रात करीब 10 बजे नितिन सिंह ने डोली को बेरहमी से पीटा। फिर छत से उल्टा लटका दिया। फिर जान से मारने की नियत से उसे छोड़ दिया। गनीमत रही कि मोहल्ले के लोगों ने समय रहते डोली को पकड़ लिया। घटना का वीडियो भी उनके पास है। पुलिस ने आरोपी पति नितिन कुमार, अमित कुमार व दो महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

### मोहल्ले के लोगों ने बनाया वीडियो

घटना के दौरान किसी पड़ोसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी अपनी पत्नी को छत से उल्टा लटकाकर नीचे गिराने की कोशिश कर रहा है, महिला चीख रही है। मोहल्ले के लोगों का कहना था कि अगर समय रहते मदद न की जाती तो महिला की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाओलिनी-गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिंड़त

**रोम, वार्ता।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### पीकेएल सीजन-12 के लिए होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**मुम्बई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कबड्डी के नए सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की नजर प्लेऑफ पर




**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज

**■ कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा**

लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरसीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने शेष दोनों मैच महत्वपूर्ण अंतर से जीतने होंगे तथा अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा। विराट कोहली आरसीबी के लिए ताबीज बने हुए हैं, जिन्होंने इस सीजन में 63.12 की औसत से 505 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 32 पारियों में 1,021 रन बनाये है। आरसीबी को उम्मीद है कि वह अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखेंगे। फिल साल्ट की वापसी से टीम को एक और बढ़ावा मिला है, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने सीएसके के खिलाफ 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जो निचले क्रम के लिए खतरा साबित हुई। रजत पाटीदार (239 रन) और टिम डेविड ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भुवनेश्वर और क्रुणाल पांड्या के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव प्रदान करने के साथ, बेंगलुरु संतुलित दिख रही है। हालांकि, यश दयाल और रसिख डार जैसे युवा गेंदबाजों पर दबाव बना रहेगा कि वे मुश्किल समय में अपना संयम बनाए रखें। इस बीच, केकेआर इस मैच में कमजोर स्थिति में है वह पिछले पांच मैचों में केवल दो में ही जीत हासिल कर पाए हैं और उनके अभियान में सामंजस्य की कमी है। आंद्रे रसेल का शानदार प्रदर्शन 'पिछली दो पारियों में 95 रन' उम्मीद जगाता है, जबकि अजिंक्य रहाणे 375 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी सूची में सबसे आगे हैं।

# स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार



**सिडनी, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इन्कार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाये तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

# जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा भारत

**● बीसीसीआई 2-3 खेलों का जिम्मा उठाएगा, राजीव शुक्ला बोले- खेलों के नाम मंत्रालय तय करे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओलिंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कारपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई लेगा। इस योजना पर इस साल काम शुरु हो जाएगा।

बीसीसीआई ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कारपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि ओलिंपिक स्पोर्ट्स के विकास के लिए कारपोरेट जगत की भागेदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलिंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। हर सेंटर में एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग हर सेंटर में एक-एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लास एंजिलिस ओलिंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है। जहां से कई ओलिंपिक मेडलिस्ट निकले हैं। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का चयन होगा भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबाल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं।



# मुस्तफिजुर के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

**■ मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे बीसीबी ने 18 से 24 मई के लिए एनओसी दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे।

उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। बीसीबी के सीईओ ने कहा था कि हमने एनओसी नहीं मांगा दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- श्मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है।

मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है।श ऐसे में रहमान के आईपीएल में खेलने पर संदेह था। आईपीएल का शेडड्ूल बांग्लादेश के यूएई दौरे से क्लैश हुआ आईपीएल के बचे मैच का शेडड्ूल और बांग्लादेश के यूएई दौरे का शेडड्ूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ यूएई के लिए रवाना भी हो गए हैं। रहमान ने बुधवार को यूएई के लिए रवाना होने के बाद यह फोटो पोस्ट की थी। 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपये में शामिल किया हैं।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम आगे




**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है। फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है। भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फार्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फार्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है। शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं।

# वानखेड़े में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

**■ रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी मौजूद रहे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़ स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है। एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़ स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़ स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं।

### बंगाल वॉरियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच बनाये जाने पर नवीन कुमार ने कहा कि बंगाल वॉरियर्स के साथ मुख्य कोच के रूप में जुड़कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम विकसित करने का एक रोमांचक अवसर है। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने और मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हूँ। नए सत्र से पहले हमारे पास बहुत समय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि वॉरियर्स एक चैंपियन टीम बने। बंगाल वॉरियर्स के मुख्य कार्यकारी अपूर्व गुप्ता ने कहा कि नवीन कुमार अपने साथ बहुत सारा अनुभव और रणनीतिक विशेषज्ञता लेकर आए हैं, जो उन्हें हमारी टीम के लिए एक आदर्श नेतृत्व है। उनकी जीतने की मानसिकता और युवा प्रतिभाओं को विकसित करने की क्षमता इस सत्र में हमारी सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकालें: क्रिकेट वेस्टइंडीज

**■ ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है**

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है। 2028 खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे युवा क्रिकेटरों को उसी सपने से वंचित नहीं कर सकती जिसने हमारे एथलीटों को प्रेरित किया है। ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है। हम बस यही मांग कर रहे हैं कि इन सिद्धांतों को न केवल भावना में बल्कि संरचना में भी बरकरार रखा जाए। वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए रास्ता निकाला जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है। वेस्टइंडीज, कैरेबियाई द्वीप के रूप में आता हैं और इसके क्रिकेट का संचालन क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) करता है, लेकिन केवल संप्रभु राष्ट्रों को ही ओलंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति है। पूर्व गोषणा के अनुसार लॉस ऐंजिलिस ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग की टी-20 प्रतिस्पर्धा में केवल छह देश हिस्सा लेंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को दिए गए अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि छह टीमों को कट-ऑफ तारीख पर टी- 20 रैंकिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाए।

# शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह

## लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे, कहा-रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता



**दुबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुलासा किया है। शास्त्री के अनुसार 'कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे।' शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं।

जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। उन्होंने रोहित शर्मा की फार्म पर कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता। विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कोहली के संन्यास पर रवि शास्त्री ने कहा कि मैं विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान था। क्योंकि मुझे लगता है कि विराट में टेस्ट खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से बर्नआउट हो गए शास्त्री ने कहा, श्आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं। तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। कोहली लगातार सुर्खियों में रहने के कारण बर्नआउट (थकान) हो गए। कोहली के दुनियाभर में फैन, लोगो को क्रिकेट देखने प्रेरित किया शास्त्री ने कहा कि कोहली को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है।

पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, चाहे वह दक्षिण अफ्रीका हो, उन्होंने लोगों को खेल देखने के लिए प्रेरित किया। अगर कोहली ने कुछ ठाना, तो अपना 100प्रतिशत दिया कोहली ने भारत को 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दिलाई जो किसी भी भारतीय कप्तान की अब तक की सबसे ज्यादा जीत है। इस पर शास्त्री ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ करने का फैसला किया तो उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया जिसकी बराबरी करना आसान नहीं है एग्रेशन कोहली को दूसरे प्लेयर्स से अलग बनाता है कोहली के एग्रेशन पर शास्त्री ने कहा कि एक खिलाड़ी अपना काम करता है, फिर आप आराम से बैठ जाते हैं। लेकिन कोहली के साथ ऐसा नहीं है, जब टीम आउट हो जाती है तो ऐसा लगता है जैसे उन्हें सभी विकेट लेने हैं, उन्हें सभी कैच लेने हैं, उन्हें मैदान पर सभी फैसले लेने हैं। इतना ज्यादा पार्टिसिपेशन, मुझे लगता कि अगर वह आराम नहीं करता है तो कहीं वह बर्नआउट होने वाला है। मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं होने देता शास्त्री ने बीजीटी में रोहित शर्मा की फार्म पर बात करते हुए कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कप्तान होता तो रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में बाहर नहीं होने देता। शास्त्री-कोहली की जोड़ी सबसे सफल रही शास्त्री ने कोहली के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कोच-कप्तान की जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 में भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जिताई।

# शौर्य का प्रतीक सिंदूर

भारतीय महिला के माथे का सिंदूर न केवल सुहाग का, बल्कि शौर्य का प्रतीक भी है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। यह बात सौ प्रतिशत सही है कि भारतीय महिलाओं का सुहाग सिंदूर से ही प्रतीत होता है, लेकिन जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर महिला के पतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया, तभी से ये सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अभी तो ये केवल ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी है। उनका कहना था कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। रक्षा मंत्री ने बताया कि अभी पाकिस्तान को एक मौका दिया जा रहा है कि वह सुधर जाए, नहीं तो अबकी बार उससे भी बड़ा हमला हम करेंगे। उनका यह कहना जवानों में और जोश भर गया। वास्तव में भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। चीन की सेना पैसों के लिए लड़ती है, जबकि भारत की सेना देश के लिए लड़ती है। जिस शौर्य से भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में नाकाम किया है, उससे भारतीय सेना की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोषता है और इसके लिए वह आईएमएफ से धन भी लेता है। आईएमएफ को धन देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि पाकिस्तान किस मद के लिए धन ले रहा है, लेकिन आईएमएफ ने भी शायद आंखें बंद कर ली हैं। भारत ने आईएमएफ को याद दिलाया है कि वह पहले पाकिस्तान से यह पूछे कि वह धन किस लिए ले रहा है, अगर अपने देश के विकास के लिए धन चाहिए, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है। अगर पाक आतंकवाद के लिए धन मांग रहा है, तो फिर भारत अपनी आपत्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठा सकता है। पाकिस्तान ने एक बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वादा किया था कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है, लेकिन उसने धोखा दिया और अब तक धोखा देता आ रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद समर्थित होने के और सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। भारत की मंशा साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं कर देता, उससे किसी प्रकार की कोई बात संभव नहीं है। इसीलिए अब भारत सरकार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट करने हेतु बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजने जा रही है। कांग्रेस ने इस पहल में भाग लेने की सहमति दी है। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। जब पाकिसतान के खिलाफ सबूत एकत्र हो जाएंगे, तब उन्हें यूएन में रखा जाएगा और तब पाकिस्तान दुनिया से अलग-थलग हो जाएगा। भारत की यही रणनीति है। उधर पाक का साथ देने के लिए तुर्की के बायकाट की तैयारी भी भारत ने तेज कर दी हैं। भारत पाकिस्तान के बीच जब तनाव का माहौल था, तब तुर्की ने सबसे पहले पाकिस्तान का साथ दिया था। जिसके बाद से भारत में तुर्की के सेबों का बायकाट ट्रेंड तेजी से चल रहा है। इसके कारण तुर्की को 821 करोड़ का झटका लग सकता है। भारत में तुर्की उत्पादों का बहिष्कार होना शुरू हो गया है, खासकर सेब का। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की, जिसमें ड्रोन की आपूर्ति भी थी। जब से ये सच तुर्की का सामने आ गया, तब से भारत में बॉयकाट का ट्रेंड तेजी से चल रहा है।

## इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह को बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए, हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं, सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है, इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और श्री मोदी छिपे नहीं रह सकते, अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा वड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात श्री मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता**

# हाइपरटेंशन से जन्म लेती हैं अन्य बीमारियां




बदली जीवनशैली के चलते देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोग हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त हैं। हाई बीपी कई दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। इसका नियमित चेकअप जरूरी है। वहीं यदि लक्षण सामने आएं तो डॉक्टरी सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हाईपरटेंशन हमारी सेहत के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा भी बढ़ता है, लेकिन आजकल अनियमित जीवनशैली के चलते कम उम्र के व्यस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। हाईपरटेंशन पीड़ित अधिकतर लोगों को जागरूकता न होने पर पता ही नहीं चलता, जब तक कोई समस्या न खड़ी हो जाए। दुनिया में एक बहुत बड़ी तादाद में लोग हाईपरटेंशन से ग्रस्त हैं जिनमें से दो-तिहाई लोग विकासशील देशों में हैं। भारत की बात करें तो हर तीन में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन की समस्या है। गांवों में 10 प्रतिशत व शहरों में 25 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त हैं। मरीजों में से दो-तिहाई की उम्र 60 साल से कम होती है। वहीं 85 प्रतिशत लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें हाईपरटेंशन के विकार के साथ कोई दूसरी बीमारी भी होती है।

### क्या है हाईपरटेंशन

हृदय हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और उससे ब्लड सर्कुलेशन पूरे शरीर में होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय होने वाले ब्लड के दवाब को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है तब प्रेशर ज्यादा होता है जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं दूसरी बीट से पहले हार्ट रिलेक्स कर रहा होता है तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर में अंतर हो सकता है। व्यक्ति को ब्लड प्रेशर के नंबर जानना जरूरी है यानी सिस्टोलिक (ऊपर वाला) और डायस्टोलिक (नीचे वाला) का पता होना चाहिए। ब्लड प्रेशर दैनिक प्रक्रियाओं से प्रभावित होता है। अगर व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे अधिक हो तो इसे हाईपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर की अवस्था कहते हैं। कई बार हार्ट आर्टरीज पर दबाव पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक हो जाती है। ब्लड सर्कुलेशन बाधित होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए ब्लड प्रेशर के दोनों पॉइंट्स को कंट्रोल करना जरूरी है। खासकर 55-60 साल से ज्यादा उम्र के बाद सिस्टोलिक हाईपरटेंशन का नियमित चेकअप कराना जरूरी है। इससे कार्डियोवेस्कुलर डिजीज होने का खतरा रहता है।

### दो तरह का हाईपरटेंशन

**प्राइमरी हाईपरटेंशन**- इसके अधिकतर मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर का कोई कारण स्पष्ट नहीं होता।

**सेकेंडरी हाईपरटेंशन**-यानी किसी बीमारी या दूसरे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाईपरटेंशन को नियंत्रित रखने के लिए इसके कारण को जानना जरूरी है। करीब 95 प्रतिशत लोगों को बिना किसी कारण से एसेंशियल हाईपरटेंशन है जिसे मेडिसिन और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

मरीजों की बड़ी संख्या है, जिन्हें हाईपरटेंशन के कारणों का पता नहीं लगता, जिनमें कारणों का पता चल जाता है, उनका समुचित इलाज किया जा सकता है। छोटे बच्चों और युवाओं में हाईपरटेंशन के कई सेकेंडरी कारण रहते हैं। जैसे-अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, खाने में नमक की अधिकता, पढ़ाई और कैरियर को लेकर तनाव, मोटापा, किडनी की बीमारी, आर्टरीज में ब्लॉकेज, हार्मोन संबंधी तकलीफ, गर्भावस्था, थायरॉयड, फैमिली हिस्ट्री, स्मोकिंग, एल्कोहल और नमकीन स्नैक्स का अधिक सेवन।

### कैसे जानें हाई ब्लड प्रेशर को

हाईपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इससे ग्रस्त 90 % रोगियों में इसके कोई लक्षण नहीं होते। बढ़ने पर सिरदर्द, धड़कन तेज होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना व थकावट आदि लक्षण होते हैं।

### क्या है रिस्क

सामान्य व्यक्ति में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 और डायसिस्टोलिक 90 से नीचे होना चाहिए। जबकि डायबिटीज के मरीजों में रिस्क बहुत बढ़ जाता है इसलिए उनका ब्लड प्रेशर 130/80 से कम होना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर को पहचानकर सही इलाज न हो तो इसका बढ़ा हुआ स्तर हार्ट,ब्रेन, लिवर, आंखों आदि को क्षति पहुंचाता है। मरीज को कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे- हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, पैरालाइसिस होने का खतरा, रेटिनल हैमरेज, पेरिफरल मस्कुलर डिजीज, किडनी फेल्योर आदि।

### समुचित उपचार है जरूरी

हाईपरटेंशन के मरीज लक्षण या दिक्कत महसूस न होने पर आमतौर पर उपचार कराने से कतराते हैं, लेकिन इससे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दूसरी समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है।

जबकि हाई ब्लड प्रेशर की जांच शुरुआती स्टेज पर होने और समुचित ध्यान रखने पर इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. मरीज को जीवनशैली में बदलाव लाने की सलाह देते हैं। अगर 2 महीने तक मरीज का हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं आता, तो उसे मेडिसिन दी जाती हैं।

### ऐसे करें बचाव

जरूरी है नियमित रूप से हाई ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और जानें कि आपका ब्लड प्रेशर स्टेटस क्या है। अगर आप प्री. हाईपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाने जरूरी हैं। समुचित जांच, सही सलाह और जीवनशैली में बदलाव से सिस्टोलिक हाईपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर युवाओं को अपना ब्लड प्रेशर जरूर चौक कराना चाहिए।

अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा हो तो डॉ. को कंसल्ट करें। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियां हों। केला, मौसमी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटेशियम रिच पदार्थों का सेवन अधिक करें। फास्ट फूड, जंक फूड व वसायुक्त आहार से परहेज करें। ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं। चाय-कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। घर पर ब्लडप्रेशर मॉनीटर से रेगुलर चेक करें। अगर आपका ब्लड प्रेशर काफी समय से 140/90 मिमी एचजी से अधिक हो तो डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें। वॉक, योगा, मेडिटेशन या एक्सरसाइज करें।

# समाज से कब बंद होंगे नफरती बोल

**सोशल मीडिया पर सेना और शहीदों के परिजनों को निशाना बनाते ट्रोलर्स के रवैये से देश में आक्रोश देखा गया। शहीद की विधवा हिमांशी नरवाल द्वारा कश्मीरियों के प्रति सौहार्द की अपील को भी ट्रोल किया गया। राजनीतिक दबाव के चलते मंत्री शाह के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मंत्री को संवेदनशील समय में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए।**

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गई। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था।

निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिए वक्त की आवाज भी थी, लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ गटर की भाषा इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगाई। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिए गुहार लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं, लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की।

यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिए कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि




चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिए अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिए सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल

दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

### जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

### करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुकारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका



**कौन थे सैयद राजू**

**सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।**

**मजलिस का आगाज**

**हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़वी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।**

इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।

### रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610**
**email id-ziaabbaszaidist@gmail.com**



जि़या अब्बास ज़ैदी

# भारत-अफगान संबंधों में बढ़ी नजदीकियां

## जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात

नई दिल्ली, वार्ता





**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा।

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी की भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था।

तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के जाइंट सेक्रेटरी आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी। उस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। अब एस जयशंकर और मुत्ताकी की फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपये की मदद कर चुका है। पिछले साल नवम्बर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपाइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं। कतर के मीडिया संस्थान अलजजीरा ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ रही है। एक्सपर्ट राघव शर्मा ने कहा कि भारत जानता है कि तालिबान सरकार को नजरअंदाज करना अब मुमकिन नहीं है। भारत हमेशा अफगानिस्तान को 'रणनीतिक रूप से अहम' देश बताता रहा है। जब तालिबान सत्ता में आया, तो भारत ने उसे लगभग नजरअंदाज कर दिया था और सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही ध्यान दिया। तालिबान के पाकिस्तान के रिश्ते अब अच्छे नहीं हैं। ऐसे में वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वे सिर्फ पाकिस्तान के भरोसे नहीं हैं। तालिबान अब भारत जैसे देशों से संपर्क बढ़ाकर यह दिखाना चाहता है कि उनके पास और भी विकल्प हैं और वे सिर्फ पाकिस्तान की कठपुतली नहीं है।

## पंजाब के जालंधर में पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार

**जालंधर।** गुजरात पुलिस ने शुक्रवार को जालंधर पुलिस की मदद से एक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद मुर्तजा अली को जालंधर के भार्गव कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अली गांधी नगर में किराये के मकान में रहता था और वहां एक आलीशान कोठी का निर्माण भी करवा रहा था।




**नई दिल्ली। तुर्की के पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी पोस्टर पकड़े हुए।**

## हमने 1971 की जंग का बदला लिया: शहबाज शरीफ

### पाक पीएम ने कहा: शांति के लिए बातचीत को तैयार, कश्मीर मुद्दा शामिल करना होगा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ नें सैनिकों से बात करते हुए कहा कि, इस जंग में हमने 1971 की जंग का बदला ले लिया है। शहबाज ने पंजाब में कामरा एयरबेस पर पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित करते समय यह बात कही।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी थे। इसके अलावा उन्होंने भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। वहीं, पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पहले हमला रोका था। भारत-पाक ने 3 बार सीजफायर बढ़ाया इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महा. निदेशकों (डजीएमओ) ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हाटलाइन पर बात की। द डान की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी। डार ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निक. ालने पर बात की जाएगी।

## नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 85 किलो हेरोइन बरामद

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन पुलिस ने ब्रिटेन स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली द्वारा संचालित एक सीमा पार, आईएसआई-नियंत्रित-पाकिस्तान आधारित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित ऑपरेटिव, अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू, गांव भिट्टेवाड़, अमृतसर ग्रामीण निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमरजोत सीमा पार के तस्करों से खेप प्राप्त कर रहा था और पूरे पंजाब में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था। उसका निवास नेटवर्क के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में काम करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### यमन से आने वाली मिसाइल को रोका गया: इज़रायल

**यरूशलेम।** इज़रायल ने गुरुवार शाम को यमन से उनकी ओर दागी गई मिसाइल को रोक लिया। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मैगन डेविड एडोम ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, सिवाय कुछ मामलों में घबराहट और आश्रय की ओर भागते समय लोगों के घायल होने के। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ ने वेस्ट बैंक में एलोन श्वुत की इज़राइली बस्ती में मिसा. इल के कुछ हिस्सों के गिरने की फुटेज प्रकाशित की। आईडीएफ ने प्रक्षेपण के बाद तेल अवीव और यरुशलम सहित मध्य इज़रायल के बड़े क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

### अल नाहयान व ट्रम्प ने की साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है।

### भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला परिसर दुबई में खुला

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त शैक्षणिक निकाय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने भारत से बाहर अपना पहला परिसर संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह संस्थान की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से अनुमोदन और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के साथ संभव हुआ है।

## इजरायल ने किया घातक हवाई हमला, 93 लोगों की मौत

### गाजा के कई क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही, सैकड़ों लोग घायल

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इजरायल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। शुक्रवार को हुए ताजा हवाई हमलों में कम से कम 93 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो गाजा के दीर अल-बलाह और खान यूनिस जैसे क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही।


इतना ही नहीं जबालिया शरणार्थी कैंप और बैत लाहिया जैसे क्षेत्रों से लोग जान बचाकर पैदल, गाड़ियों और गधों पर सवार होकर भागते नजर आए। बता दें कि इजरायल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमला ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट के आखिरी दिन के दौरे पर थे। हालांकि ट्रंप ने अपने इस दौरे के माध्यम से कई बार ऐसा संदेश दिया है कि वो गाजा पर ध्यान दे रहे है और इस युद्ध को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

**जबालिया शरणार्थी कैंप व बैत लाहिया से लोग जान बचाकर भागते नजर आए**

मामले में एक विस्थापित नागरिक फैसल अल-अत्तर ने कहा कि सेना ने हम पर बम बरसाए, हमने मुश्किल से घर छोड़ा, कुछ भी साथ नहीं ले पाए। हालांकि इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने शुक्रवार को 150 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल अड्डे और सैन्य ढांचे शामिल थे। साथ ही इजरायली अधिकारियों ने कहा कि ये हमले गाजा में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी हैं और अगर हमास बंधकों को नहीं छोड़ता तो यह आपरेशन जल्द शुरू हो सकता है। हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमे. रिकी समर्थित संस्था श्गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशनश ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे। ध्यान रहे कि इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इजरायल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इजरायल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए।

## हांगकांग में कोरोना के 31 मामले मिले

### सिंगापुर अलर्ट पर, कोविड केस में 28 प्रतिशत इजाफा, चीन-थाईलैंड में भी बढ़ सकते हैं मामले



**हांगकांग।** हांगकांग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हांगकांग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। हांगकांग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानक. ारी दी है। इससे पहले सिंगा. पुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है।

सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विक. राल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

हांगकांग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पाजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। थाइलैंड में क्लस्टर आउटब्रेक के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।

## नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या 138 हुई

**अबूजा।** अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में लासा बुखार के प्रकोप से मरने वालों की संख्या इस साल की शुरुआत से 138 हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, नाइजीरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (एनसीडीसी) ने कहा कि अब तक 717 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। एनसीडीसी ने कहा कि इस साल अब तक देश के 36 राज्यों में से कम से कम 18 राज्य वायरल रक्तस्रावी बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिसमें दक्षिणी राज्य ओंडो और उत्तरी राज्य बाउची और तराबा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां कुल पुष्ट मामलों का 71 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस विकास ने देशव्यापी हस्तक्षेप के बावजूद लगातार हॉटस्पॉट का संकेत दिया है। एनसीडीसी ने कहा कि नवीनतम मृत्यु दर के साथ, मृत्यु दर बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है, तथा कुल मिलाकर, हताहतों की संख्या में यह वृद्धि चिंताजनक बनी हुई है।

## पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है। रूसी सरकार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में साराताेव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।

## हूती ने ली इजरायली हवाई अड्डे पर हमले की जिम्मेदारी

**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने गुरुवार रात कहा कि उसने मध्य इज़रायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक नया बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसे कथित तौर पर रात में इज़रायली रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था।

हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि हमने हाइप. रसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक गुणात्मक सैन्य अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा कि बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन पर प्रतिबंध लगाने के लिए हूतियों का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि इज़रायल गाजा पट्टी के फलस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ़ अपना आक्रमण और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। इससे पहले रात में इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यमन से दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया। प्रक्षेपण के बाद, आईडीएफ ने मध्य इज़रायल के क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

## रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने पर बातचीत शुरू

### तुर्की में दोनों देशों के प्रतिनिधि मौजूद, ट्रम्प बोले: मेरे बिना कोई डील नहीं हो सकती

**अंकारा।** रूस और यूक्रेन में जंग खत्म करने पर तुर्की में बातचीत शुरू हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल है, जिसकी मध्यस्थता तुर्की के अधिकारी कर रहे हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की कर रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है। बीते 3 साल में ऐसा पहली बार है जब दोनों देशों के बीच शांति को लेकर सीधी बातचीत हो रही है। बातचीत से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेस्की ने कहा कि यह फैसला उन्होंने इसलिए लिया, क्योंकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन का सम्मान करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी डेलीगेशन में कोई भी ऐसा शख्स शामिल नहीं है जो वास्तव में फैसले लेता हो। इससे पहले शांति वार्ता में हिस्सा लेने के लिए पहले जेलेंस्की और पुतिन के शामिल होने की चर्चाएं थीं लेकिन क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। पुतिन ने शांति वार्ता में न पहुंचने के फैसले के बाद ट्रम्प ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं।

## यूक्रेन ने लड़ाकू मिशन पर एफ-16 जेट से संपर्क खो दिया

**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने लड़ाकू मिशन के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू जेट से संपर्क खो दिया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पायलट द्वारा तीन हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने और विमान की तोप से चौथे को नष्ट करने के बाद विमान में एक आपात स्थिति उत्पन्न हुई, पायलट ने विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने में कामयाबी हासिल की और फिर विमान से बाहर निकल गया और बाद में उसे ढूंढकर निकाला गया। यूक्रेन ने बताया कि पिछले महीने एक 26 वर्षीय पायलट एफ-16 से जुड़े लड़ाकू मिशन पर मारा गया था।

## बीएलए ने 14 पाक सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली

### कहा: पाकिस्तानी सेना किसी कोने में सुरक्षित नहीं

इस्लामाबाद, वार्ता



**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 14 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली है। यह हमला 9 मई को बलूचिस्तान के पंजगुर जिले में पाक सेना की गाड़ी पर हुआ था। बीएलए ने 14 मई को सेना का काफिले पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया।

बलूच आर्मी ने पाक सेना के खिलाफ अपने हमलों को आप. रेशन हेरोफ नाम दिया है। बीएलए ने बयान जारी कर कहा, बलूचिस्तान की आजादी का आंदोलन लोगों के समर्थन से मजबूत हो गया है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान के किसी कोने में सुरक्षित नहीं है। बीएलए ने आप. रेशन हेरोफ के तहत पिछले कुछ हफ्तों में बलूचिस्तान प्रांत में 58 से अधिक जगहों पर 78 कार्डिनेटेड हमलों की जिम्मेदारी ली है। 11 मई को बीएलए की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक इनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा, जमुरान, तोलांगी, कुलुकी और नुशकी इलाके शामिल हैं। यहां बीएलए ने पाकिस्तानी सेना, खुफिया ठिकानों और स्थानीय पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया है। इस बयान में बीएलए ने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवादियों का गढ़ बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उसे आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की। बीएलए ने कहा कि वे भविष्य में भी पाकिस्तानी सेना और उनके सहयोगियों पर ऐसे हमले जारी रखेंगे। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा: बलूचिस्तान के लोगों ने अपना 'राष्ट्रीय फैसला' दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
**Faculty For MCA**

Qualification: As per AICTE/AKTU/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

- Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to AKTU Lucknow

Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com